# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024


# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50 Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships

## FACULTY OF INFORMATION TECHNOLOGY

# DCA | PGDCA
# BCA | MCA
# B.CS & M.CS
## in AI & ML and Cyber Security

# Bachelor & Master of
## Animation & VFX
# Master of Data Science



# ADMISSIONS OPEN 2024-25!

## CAREER OPPORTUNITIES:

- Software Developer
- Database Manager
- Systems Administrator
- Data Analyst
- Cybersecurity Officer
- IT Consulting Service Officer

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**PHARMACY**
D.Pharmacy | B.Pharmacy
Pharm.D | M.Pharmacy
B.Pharmacy Practice

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**Arts & Humanities:**
BA | MA | BSW | MSW
BA (J & MC) | MA (J & MC)

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC | PCM | B.Sc. | M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology)
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology / Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com. Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma | B.Sc.
PG Diploma | M.Sc.

## WHY CHOOSE KALINGA UNIVERSITY?

- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

## NEW AGE PROGRAMS

- B.TECH CS in **AI & ML** — In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**
- BA & MA in **Film Making** — In collaboration with Nira Educom
- Master of **Data Science**
- Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**
- Bachelor / Master in **Animation & VFX**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

**OUR TOP RECRUITERS**

cognizant | Aditya Birla Group | wipro | Tech Mahindra | accenture | Infosys BPM | Capgemini

*And Many More...*

# +91-9907252100

www.kalingauniversity.ac.in | admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations

# KALSEE/KAL-MAT


महतारी वंदन योजना
महिला एवं बाल विकास विभाग
छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
महतारी वंदन योजना
प्रतिमाह एक हज़ार रुपये के मान से
साल में 12000 रुपये
छत्तीसगढ़ की 21 वर्ष से अधिक उम्र की
विवाहित, विधवा, परित्यक्ता व तलाकशुदा
70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा लाभ
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...
श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## 12 घंटे में सीएम साय ने दिल्ली को मथा, तीन केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा अध्यक्ष से की मुलाकात

### शाह से छत्तीसगढ़ विजन @2047 पर चर्चा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के दीर्घकालीक विकास के लिए बनाए गए छत्तीसगढ़ विजन @2047 पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में राज्य सरकार ने आठ अलग-अलग क्षेत्रों को चिन्हित किया है। इन क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए एक वर्किंग कमेटी का गठन किया गया है, जो शेष पेज 2 पर

# दिल्ली के सघन दौरे पर साय, शाह-नड्डा, अश्विनी, मांडविया से मिले, रेलवे का नेटवर्क मांगा, श्रमिकों के लिए मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को दिल्ली दौरे पर जाकर वहां केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले और राज्य हित से जुड़े विषयों पर विस्तार से बात की। श्री साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से छत्तीसगढ़ विजन पर चर्चा की, वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख रेल परियोजना को जल्द पूरा शेष पेज 2 पर



### रेल मंत्री ने कहा- देंगे प्राथमिकता

बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं शेष पेज 2 पर

### खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपए है।

### रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना (140 किमी)

*रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपए है।*



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दो करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**मुंबई।** पुलिस ने नवी मुंबई से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया है। आरोपियों की पहचान सलाउद्दीन अल्लाहुद्दीन शेख और फजल जाफर खान के रूप में हुई है, दोनों की उम्र 21 वर्ष है। वे मध्य मुंबई के माहिम के निवासी हैं।

### ओमान तट पर जहाज डूबा 13 भारतीय भी थे सवार



**नई दिल्ली।** ओमान तट के पास डूबे, कोमोरोस के ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर 13 भारतीय सवार हैं। खाड़ी देश में भारतीय दूतावास संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। जहाज 'एमटी फाल्कन प्रेस्टीज' ने 14 जुलाई को रात लगभग 10 बजे ओमान तट के पास संकट की सूचना भेजी थी।

### नौकरी का लालच देकर ठगी, चार गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने समेत साइबर धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपी बैंक कर्मचारी बनकर लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने और ऋण देने के बहाने ठगते थे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक दो लोगों की मौत



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। धर्मेंद्र नाम का व्यक्ति अपनी सास वीरमती को साथ लेकर बुढ़ाना से मुजफ्फरनगर लौट रहा था कि तभी शाहपुर थाना क्षेत्र के कड़का गांव में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### सहनी हत्याकांड, चार को हिरासत में लिया



**दरभंगा/पटना।** बिहार पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया है। से चार लोग 15 जुलाई की रात करीब 10.30 बजे जीतन सहनी के घर में प्रवेश किए।

## मुठभेड़ में महाराष्ट्र फोर्स के उप निरीक्षक सहित दो जवान गोली लगने से गंभीर

# एंटी नक्सल यूनिट के साथ नक्सलियों की भीषण मुठभेड़, 12 माओवादी मारे गए

*मोहला मानपुर, कांकेर तथा महाराष्ट्रगढ़ बॉर्डर पर बुधवार दोपहर गढ़चिरौली जिले की एंटी नक्सल यूनिट सी 60 के जवानों के साथ नक्सलियों का भीषण मुठभेड़ हुई है। बीहड़ जंगल में कैंप कर रहे नक्सलियों के खेमे में घुसकर महाराष्ट्र की फोर्स ने सर्जिकल स्ट्राइक की है। इस ऑपरेशन में 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है, जिनका शव खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बल के जवान एकत्रित कर रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

नक्सलियों के अंधाधुंध फायरिंग में महाराष्ट्र के उप निरीक्षक सहित दो जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से गढ़चिरौली मुख्यालय पहुंचाया गया है।

महाराष्ट्र के नक्सल सेल से मिली जानकारी के अनुसार सीमावर्ती राज्य गढ़चिरौली जिले के झारावंडी क्षेत्रांतर्गत छिंदभट्टी व पीव्ही 82 के मध्य जंगल इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने बड़ी संख्या में नक्सलियों के इकट्ठे होने की खबर पर गढ़चिरौली की एंटी नक्सल यूनिट सी 60 फोर्स नक्सलियों के तलाश में निकली हुई थी। बुधवार दोपहर 2 बजे सुरक्षा बल के जवान बीहड़ जंगल में घुसकर कैंप कर रहे नक्सलियों पर धावा बोल दिया। इस ऑपरेशन में लगभग 12 सशस्त्र नक्सलियों के मारे जाने की सूचना महाराष्ट्र फोर्स की तरफ से आ रही है, वहीं नक्सलियों की तरफ से चलाए गए अंधाधुंध गोलीबारी में सी 60 पार्टी के उप निरीक्षक सतीश पाटिल सहित दो जवानों को गोली लगी है मुठभेड़ में गंभीर रूप शेष पेज 2 पर

### हेलीकॉप्टर से गढ़चिरौली पहुंचाया गया घायल कमांडो को



### हाई अलर्ट पर तीन जिलों की फोर्स

नक्सली सुरक्षा बलों के भीषण मुठभेड़ के बाद मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, कांकेर तथा गडचिरोली सीमा पर फोर्स हाई अलर्ट पर है। घायल व बंचे नक्सलियों के जिला में प्रवेश करने को लेकर पुलिस कप्तान वायपी सिंह ने जिले के सीमावर्ती थाना व पुलिस चौकियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है।

### महाराष्ट्र फोर्स को मिली फिर बड़ी कामयाबी

महाराष्ट्र गढ़चिरौली की एंटी नक्सल यूनिट सी 60 लगातार कांकेर तथा मोहला मानपुर जिले के बॉर्डर में माओवादियों को परास्त करते हुए अब तक बड़ी संख्या में नक्सलियों का एनकाउंटर कर चुकी है। सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र से पैर उखड़ रहे नक्सलियों के खात्मे के साथ-साथ काफी संख्या में माओवादियों का फोर्स के समक्ष आत्मसमर्पण करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

### मारे गए 12 नक्सली

बुधवार देर शाम तक महाराष्ट्र के एंटी नक्सल यूनिट सी 60 नक्सलियों के लिए गठित स्पेशल फोर्स और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 12 महिला पुरुष नक्सलियों के मारे जाने की सूचना महाराष्ट्र की फोर्स की तरफ से हुई है। इस मुठभेड़ में डीवीसी लेबर के हार्डकोर नक्सली मारे गए है। घटनास्थल से शवों के साथ-साथ एके 47, कारबाईन, इंसास, एसएलआर सहित घातक हथियार भी बरामद हुए हैं।

### बड़ी वारदात करने के फिराक में नक्सली

भीतरी सूचनाओं के मुताबिक लगातार सुरक्षा बलों के द्वारा आघात पहुंच रहे माओवादी संगठन में इस वक्त कोहराम मचा हुआ है। किसी भी हाल पर अपने विस्तार और वजूद को बचाए रखने नक्सली संगठन मोहला मानपुर जिला सहित कांकेर बस्तर , तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में किसी बड़े वारदात के रणनीति में है ।

### लोडर की नौकरी पाने भीड़

## 600 पोस्ट के लिए 25 हजार युवा, मची भगदड़



एजेंसी ▶▶ मुंबई

एयरपोर्ट पर एयर इंडिया में एयरपोर्ट लोडर की नौकरी के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 600 पदों के लिए 25,000 से ज्यादा लोग इंटरव्यू के लिए पहुंच गए। एयर इंडिया के कर्मचारियों को इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।

इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें लोग नौकरी के लिए आवेदन जमा करने के लिए एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करते दिखाई दे रहे हैं। इस घटना के बाद बेरोजगारी को लेकर सवाल उठ रहे हैं और कांग्रेस नेता बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं।

### एमकॉम पास भी पहुंचे

प्रथमेश्वर बीबीए सेकेंड ईयर का छात्र हैं। उसने कहा कि मैं हैंडीमैन के पद के लिए आवेदन करने आया हूं। वे 22,500 रुपए का वेतन दे रहे हैं। एक अन्य उम्मीदवार राजस्थान के अलवर से मुंबई आया था। उसके पास एमकॉम की डिग्री है, लेकिन उसने उस नौकरी के लिए आवेदन किया है, जिसके लिए सिर्फ बेसिक शिक्षा की आवश्यकता है। उसने कहा कि मैं सरकारी नौकरी की परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा हूं। मुझे किसी ने बताया कि यहां वेतन अच्छा मिलता है। इसलिए मैं यहां आया हूं।

### एयरपोर्ट लोडर का इतना वेतन

एयरपोर्ट लोडर का वेतन 20,000 रुपए से 25,000 रुपए प्रति माह के बीच होता है, लेकिन ओवरटाइम भत्ते के बाद अधिकांश लोडर 30,000 रुपए से ज्यादा कमा लेते हैं। इस नौकरी के लिए शैक्षणिक योग्यता भी ज्यादा नहीं होती है। बस उम्मीदवार का शारीरिक रूप से मजबूत होना जरूरी है।

### आरक्षण पर नया मुद्दा गरमाया

## कर्नाटक में प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण को लेकर बवाल



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

■ मंत्रियों ने फैसले का किया बचाव, उद्योग जगत ने बताया 'फासीवादी'

कर्नाटक में आरक्षण को लेकर बवाल मच गया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने निजी क्षेत्र में कन्नड़ भाषियों को आरक्षण देने के अपने फैसले का बचाव किया जबकि उद्योग जगत के दिग्गजों ने प्रस्तावित आरक्षण पर आपत्ति जताई और इसे 'फासीवादी' तथा 'अदूरदर्शी' कदम करार दिया। राज्य मंत्रिमंडल ने सोमवार को कर्नाटक राज्य उद्योग, कारखाने और अन्य प्रतिष्ठानों में स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार देने संबंधी विधेयक, 2024 को मंजूरी दी थी। इसमें निजी कंपनियों के लिए अपने प्रतिष्ठानों में कन्नड़ भाषी लोगों को आरक्षण देना अनिवार्य करने का प्रावधान है। इस विधेयक को गुरुवार को विधानसभा में पेश किए जाने की संभावना है। प्रस्तावित विधेयक के मुताबिक, शेष पेज 2 पर

### हरियाणा में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण

हरियाणा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ-साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह भी कहा कि यदि कोई अग्निवीर अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, राज्य सरकार द्वारा कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी के पदों पर की जाने वाली सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण होगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। सैनी ने कहा, हालांकि अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट पांच वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भी रियायतों की घोषणा की।

### महाराष्ट्र में अब लाडला भाई योजना

महाराष्ट्र सरकार ने 'लाडला भाई योजना' का ऐलान किया है। इस स्कीम के तहत राज्य के 12वीं पास युवाओं को हर महीने 6 हजार रुपए मिलेंगे। इसके अलावा डिप्लोमाधारी छात्रों को महीने के 8 हजार रुपए दिए जाएंगे। ग्रैजुएट्स को महीने के 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। अक्टूबर महीने में महाराष्ट्र में चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सरकार की ओर से यह बड़ा ऐलान किया गया है।

### 20 जुलाई तक होगी रिहर्सल

## एनएसजी पहुंची अयोध्या, मंदिर परिसर की सुरक्षा को जांचा



**अयोध्या।** एनएसजी की टीम बुधवार की दोपहर अयोध्या पहुंच गई है। टीम ने राममंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली है। एनएसजी की टीम 20 जुलाई तक अयोध्या में रहकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी हासिल करेगी। टीम का खास फोकस शेष पेज 2 पर

### आतंकी हमले को लेकर तैयारी

बताते चलें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही अयोध्या में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी होता रहा है। 22 जुलाई से सावन मेला भी शुरू हो रहा है। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

# विधायक जी....क्या ये खतरा मोल लेना जरूरी था? बाढ़ में ट्रैक्टर चलाकर किया नाला पार!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर

### एनएच 63 में बाढ़ से लगा जाम, तीन घंटे तक फंसे रहे सैकड़ों यात्री

हरिभूमि खास

■ गाड़ियों की लगी लंबी कतार, जांगला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में भरा पानी

बुधवार से हो रही लगातार बारिश से नेशनल हाईवे 63 में जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान बाढ़ में बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी भी फंसे रहे, काफी देर तक फंसे रहने के बाद उन्होंने ट्रैक्टर से नाला पार करने का जोखिम उठाया और खुद ट्रैक्टर चलाते शेष पेज 2 पर



### एंबुलेंस भी फंसी

बारिश के कारण बीजापुर का तीन घंटे तक पूरे संभाग से सम्पर्क टूट गया था। बीजापुर से जगदलपुर जा रही यात्री बसों के अलावा एम्बुलेंस भी जांगला नाले के पास फंसी रही। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस यात्रियों को पानी उतरने तक शेष पेज 2 पर

### यूजीसी ने जारी किए नए दिशा-निर्देश, अनहेल्दी फूड को 'ना'

# अब कॉलेज कैंटीन में नहीं मिलेंगे समोसा-कचौड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कॉलजों में बड़ी संख्या में छात्र पढ़ते हैं। ऐसे में छात्रों की सुविधा के लिए कॉलेजों में कैंटीन भी खुली रहती है। अगर आप भी कॉलेज कैंटीन से खाना खाते हैं, तो यह खबर आपके लिए ही है। दरअसल, यूजीसी ने हाल ही में विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों की कैंटीन में मिलने वाले खाने को लेकर एक नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में अनहेल्दी फूड आइटम्स की बिक्री बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इस नोटिस के बाद, जल्द ही आपको अपने कॉलेड की कैंटीन में समोसा, नूडल्स, ब्रेड पकौडा आदि जैसे कई अनहेल्दी फूड आइटम्स खाने को नहीं मिलेंगे। यूजीसी ने नोटिस में निर्देश दिया है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में शेष पेज 2 पर



### यूजीसी पहले भी जारी कर चुका है एडवाइजरी

नोटिस में यूजीसी ने कहा है कि इस सम्बन्ध में उच्च शिक्षा संस्थानों को पहले भी, 10 नवंबर 2016 और 21 अगस्त 2018, एडवाइजरी जारी जा चुकी है। इस क्रम में संस्थानों को एक बार फिर से चेताया जाता है कि वे अपनी कैंटीन में अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाएं और सिर्फ हेल्दी फूड ही परोसे जाने को बढ़ावा दें। ऐसा करके हम गैर-संचारी रोगों की लगातार बढ़ रही महामारी पर रोक लगाने में सक्षम हो सकेंगे।

### इन पर रोक

इस नोटिस के बाद, जल्द ही आपको अपने कॉलेज की कैंटीन में समोसा, नूडल्स, ब्रेड पकौड़ा आदि जैसे कई अनहेल्दी फूड आइटम्स खाने को नहीं मिलेंगे।

### इसलिए लगाई रोक

बढ़ते मोटापे, मधुमेह और अन्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) पर चिंतित, सामान्य एनसीडी (2017-2022) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय बहु-क्षेत्रीय कार्य योजना के त्वरित कार्यान्वयन के लिए एनएपी ने शैक्षणिक संस्थानों में अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाने और कैंटीनों में स्वस्थ भोजन विकल्पों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है।

### पहले भी जारी की गई थी एडवाइजरी

यूजीसी की तरफ से कहा गया है कि इस संबंध में उच्च शिक्षा संस्थानों को पहले भी, 10 नवंबर 2016 और 21 अगस्त 2018, एडवाइजरी जारी जा चुकी है। इस क्रम में संस्थानों को एक बार फिर से चेताया जाता है कि वे अपनी कैंटीन में अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाएं और सिर्फ हेल्दी फूड ही परोसे जाने को बढ़ावा दें। ऐसा करके हम गैर-संचारी रोगों की लगातार बढ़ रही महामारी पर रोक लगाने में सक्षम हो सकेंगे।

## चिंतन

# मॉरीशस को चागोस द्वीप पर भारत का समर्थन

विदेश मंत्री एस जयशंकर की मॉरीशस यात्रा कूटनीतिक व सामरिक लिहाज से अहम है। भारत और मॉरीशस के संबंध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक हैं। जयशंकर अपनी इस यात्रा के दौरान मॉरीशस और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रहे चागोस द्वीप समूह को लेकर विवाद में भारत ने खुलकर मॉरीशस का पक्ष लिया है और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन किया है। भारत के यूके से भी बेहतर संबंध हैं व अमेरिका से भी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत व मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंध बेहद मजबूत हैं। चागोस द्वीप समूह पर मॉरीशस के दावे का समर्थन मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जयशंकर ने मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए इसके महत्व पर चर्चा की है। मॉरीशस चागोस द्वीप समूह को अपना हिस्सा मानता है और उस पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, जबकि इस पर कब्जा ब्रिटेन का है। ब्रिटेन ने इस द्वीप समूह को संयुक्त राज्य अमेरिका को सैन्य अड्डा बनाने के लिए किराए पर दे दिया था, तब से विवाद जारी है। भारत ने मंगलवार को चागोस द्वीप समूह के मुद्दे पर मॉरीशस को अपना समर्थन दोहराया, जिसकी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र ने तुरंत सराहना की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ बातचीत के लिए दो दिन के दौरे पर रहे। ये आपसी संबंध हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। चागोस द्वीप समूह को लेकर भारत ने अपना पक्ष रखकर बड़ा कूटनीतिक संदेश दिया है। जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ एक कार्यक्रम में कहा कि चागोस के मुद्दे पर भारत उपनिवेशवाद के उन्मूलन और राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने मुख्य रुख के अनुरूप मॉरीशस को अपना निरंतर समर्थन जारी रखेगा। भारत ने हमेशा उपनिशेववाद के अंत, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा पर बल दिया है। चागोस द्वीप समूह 60 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला 58 द्वीपों से बना एक प्रवालद्वीप समूह है, जो मॉरीशस के मुख्य द्वीप से लगभग 2,200 किमी उत्तर-पूर्व में और तिरुवनंतपुरम से लगभग 1,700 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। चागोस द्वीप समूह 18वीं शताब्दी से मॉरीशस गणराज्य का हिस्सा रहा है, जब यह एक फ्रांसीसी उपनिवेश था और इसे आइल डी फ्रांस के नाम से जाना जाता था। हिंद महासागर में स्थित इस द्वीप समूह पर ब्रिटेन ने 1814 में मॉरीशस के साथ दावा किया था। 1966 में ब्रिटेन ने चागोस द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया को अमेरिका को पट्टे पर दे दिया, जो इस क्षेत्र में एक सैन्य अड्डा बनाने की मांग कर रहा था। इस कदम के कारण 1960 और 1970 के दशक में लगभग 2,000 चागोसियन को जबरन हटा दिया गया, जिन्हें सैकड़ों मील दूर मॉरीशस और सेशेल्स में भेज दिया गया। चागोसियन जो ज्यादातर 18वीं शताब्दी में द्वीपों पर लाए गए अफ्रीकी दासों के वंशज हैं। वे तब से अपने देश लौटने के अधिकार के लिए लंबी कानूनी लड़ाई में लगे हुए हैं। चागोस को लेकर भारत पहले से मॉरीशस का समर्थन करता रहा है। उपनिवेश होने का दर्द भारत जानता है। चागोस को लेकर मॉरीशस को भारत के समर्थन का सामरिक महत्व भी है कि इस क्षेत्र में भारत के सैन्य रूप से और मजबूत होने का मार्ग प्रशस्त होगा। हिंद महासागरीय देश भारत के सामरिक ताकत के लिए अहम हैं।

## मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल



# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कुचलना आवश्यक

जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान सोमवार रात सुरक्षाबलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक अफसर समेत चार जवान शहीद हो गए हैं। एक माह के भीतर आतंकी वारदातों में हमारे 12 जांबाज जवान व अफसर तथा नौ आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जिस तरह पाकिस्तान परस्त आतंकी जम्मू-कश्मीर में लगातार सैन्य वाहनों और सैनिकों पर ताबड़तोड़ हमले कर खून खराबा कर रहे हैं उससे पता चलता है कि पाक पोषित आतंकवादियों का इन दिनों हौसला कितना बढ़ गया है। इसे तत्काल कुचलने की जरूरत है, हम अपने जवानों की शहादत को यूं ही जाया होने नहीं दे सकते।

मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी फौज ने भागते समय अफगानिस्तान में जो आधुनिक हथियार छोड़े थे, वे अफगानिस्तान से पाकिस्तान के दहशतगर्दों के जरिए भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यही कारण हैं कि वे हथियार अब आतंकियों तक पहुंच रहे हैं और उन्हीं का उपयोग हमारी सेना को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है और हमारे सैनिकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इस ताज़ा वारदात में बीते सोमवार की शाम डोडा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चल रहा है।

बढ़ते आतंकी हमलों में के बाद सरकार को गंभीरता से सख्त कार्रवाई और आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए नई स्ट्रेटजी तैयार करनी चाहिए। जब इजराइल आतंकी गुट हमास को खत्म करने के लिए गाजा में कार्रवाई कर रहा है, तो भारत को भी आतंकवाद की जड़ों को खत्म करने के लिए सैन्य कदम क्यों नहीं उठाना चाहिए? 9 जून को आतंकियों ने जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया, जिसमें 9 लोग मारे गए। फिर, आतंकियों ने कठुआ में 8 जुलाई को सेना की गाड़ी को टारगेट किया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

नौशेरा में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की, हालांकि वह नाकामयाब रही। लेकिन 16 जुलाई यानी की आज आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 4 जवान शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। पिछले एक महीने के अंदर आतंकी 7 बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके जिनमें 12 जवान शहीद हुए हैं और 9 आम नागरिकों की मौत हुई है। 11 जून को जम्मू कश्मीर के कठुआ के एक गांव में आतंकी घुस आए थे। इसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। कठुआ जिले के गांव में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शुरू हुआ था। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना के अस्थायी ऑपरेटिंग बेस पर 12 जून को आतंकियों ने गोलीबारी की थी। इस दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इसके साथ ही एक नागरिक घायल भी हो गया था। रियासी और कठुआ के बाद जम्मू इलाके में यह तीन दिनों में तीसरा आतंकी हमला था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के दो गावों में 6 जुलाई को हुए एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हो गए थे। गोली में लांस नायक प्रदीप नैन (पैरा कमांडो) और आरआर के हवलदार राज कुमार शहीद हुए थे। राजौरी के नौशेरा सेक्टर में 10 जुलाई को आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। जम्मू कश्मीर के राजौरी में 7 जुलाई को सेना के शिविर पर आतंकी हमला हुआ था।

मौजूदा घटना के बाद सेना की अन्य टीमें भी मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। हालांकि, आतंकियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। कश्मीर टाइगर्स जैश का ही संगठन है, जिसने कठुआ में जवानों के काफिले पर हमले की जिम्मेदारी ली थी।आतंकियों की तलाश के लिए हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। दरअसल, यहां आतंक विरोधी अभियान चलाना सबसे चुनौतीपूर्ण और कठिन माना जाता है। पिछले एक महीने से जम्मू के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पहाड़ी इलाकों में ही आतंकियों का ज्यादा मूवमेंट है। यहां आतंकियों के अड्डे होने की खबरें हैं। जम्मू के तीन-चार जिलों के पहाड़ी इलाके में 50 से 60 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। जरूरत इस बात की है कि भारत सरकार अपने सैनिकों को आधुनिक हथियार उपलब्ध कराने के साथ ही इजराइल की तर्ज पर पाकिस्तान की सीमा से चल रहे आतंकवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकने की दिशा में आगे बढ़े। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को कुचलना आवश्यक है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



करवट
कुमार प्रशांत

# गोली की बोली

अपने-अपने देश में गोली की बोली से बात करने में जो सभी सत्ताधीश हैं, वे सभी अमरीका में गोली की बोली की इस घटना से सदमे में हैं - कम-से-कम ऐसा दिखा तो रहे ही हैं !! हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी को सदमा लगा है कि 'मेरे मित्र ट्रंप' के साथ ऐसा हादसा हुआ ! मोदीजी, अगर ट्रंप आपके मित्र नहीं होते तो ? फिर भी सदमा होता ? इतना होता कि आप बयान दे कर अपना सदमा जगजाहिर करते ? सोचिएगा ! आपने कहा कि राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अगर यह सच है तो हिंसा, घृणा, द्वेष, झूठ, हिंसक भाषा व हिंसक मुद्रा की छौंक से चलने वाली आपकी अब तक की राजनीति क्या है ? हिंसा के पनपने व फूटने की जमीन जितनी तरह से तैयार हो सकती है, उतनी तरह से पिछले 10 सालों में आपकी तरफ से तैयार की गई है।

अमरीका में फिर बंदूक गो भी सुनेगा, पलट कर पूछेगा कि कब; क्योंकि वहां अकारण, असमय व सबसे अप्रत्याशित जगहों पर गोली बरसा कर दो-पांच-दस लोगों-बच्चों-महिलाओं को मार गिराना आम खबर की तरह होता है। यह अमरीकी समाज है जहां पागलपन सामान्य-सा बन गया है। लेकिन इस बार जो हुआ उसके निशाने पर पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप थे। छटांक भर की दूरी से मौत उन्हें छू कर निकल गई - उनका कान मौत के रास्ते में आ गया तो वह बेचारा थोड़ा घायल हो गया। घटना को देखने व जाननेवाले और गोली खाने से बच जाने वाले ट्रंप बता रहे हैं कि यह ईश्वर ही था कि जो उन्हें बचा ले गया। कैसा विद्रूप है कि जब हमारी जान बच जाती है तब हमें ईश्वर की साक्षात उपस्थिति महसूस होती है, जब हम दूसरों की जान लेते हैं तब कहां का ईश्वर और कहां की उसकी साक्षात उपस्थिति ! दुख में सुमरन सब करैं/ सुख में करे ना कोई / जो सुख में सुमरन करैं/ तो दुख काहे को होई ! इसलिए ट्रंप पर चली गोली के समर्थन या विरोध का सवाल नहीं है। सवाल गोली की इस बोली को समझने व समझाने का है।

अपने-अपने देश में गोली की बोली से बात करने में जो सभी सत्ताधीश हैं, वे सभी अमरीका में गोली की बोली की इस घटना से सदमे में हैं - कम-से-कम ऐसा दिखा तो रहे ही हैं !! हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी को सदमा लगा है कि 'मेरे मित्र ट्रंप' के साथ ऐसा हादसा हुआ ! मोदीजी, अगर ट्रंप आपके मित्र नहीं होते तो ? फिर भी सदमा होता ? इतना होता कि आप बयान दे कर अपना सदमा जगजाहिर करते ? सोचिएगा ! आपने कहा कि राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अगर यह सच है तो हिंसा, घृणा, द्वेष, झूठ, हिंसक भाषा व हिंसक मुद्रा की छौंक से चलने वाली आपकी अब तक की राजनीति क्या है ? हिंसा के पनपने व फूटने की जमीन जितनी तरह से तैयार हो सकती है, उतनी तरह से पिछले 10 सालों में आपकी तरफ से तैयार की गई है।

दुनिया के दूसरे कुछ हुक्मरानों ने भी गोली की बोली पर ऐतराज उठाया है। इनमें इसराइल के बेंजामिन नेतन्याहू भी हैं और फ्रांस के मैक्रो भी और दूसरे सारे भी कह रहे हैं कि हमारे सभ्य समाज में ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं है। किसी ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में हिंसा नहीं चल सकती। ये सच में ऐसा मानते हैं, इसलिए कह रहे हैं; या कह रहे हैं कि हम सच में ऐसा मान लें कि ये सच में ऐसा मानते हैं ? मामला बहुत जटिल है, क्योंकि झूठ को सच बनाना और फिर उसे सच मानना बहुत-बहुत बड़ा झूठ है। हिंसा घटना नहीं है। हिंसा मनोवृत्ति है। जब आप हिंसा को एक परिणामकारी रास्ता मानते हैं तब किसी गांधी की हत्या की लंबी साजिश रचते हैं और प्रार्थना के लिए जाते 80 साल के वृद्ध को, प्रार्थना-स्थल पर पहुंचने से पहले ही भगवान के पास पहुंचा देते हैं। हाथ भी नहीं कांपता है आपका, और इतने लंबे वर्षों में कभी प्रायश्चित का भाव भी नहीं उभरा आपमें ! हम कायर इतने होते हैं कि उस हत्या के 76 साल बाद भी,



एक दशक से ज्यादा समय से सत्ता की चादर ओढ़े रखने के बाद भी, कायरता की धुंध इतनी घनी है कि हर संभव मौकों पर वे सब गांधी की विरुदावलि गाते हैं लेकिन यह कह नहीं पाते हैं कि यह हत्या हमने की है ! जो हिंसक होते हैं वे कायर ही होते हैं; याकि ऐसे कहें कि जो कायर होते हैं, वे ही हिंसक भी होते हैं।

मैं मणिपुर की हिंसा की बात न भी करूं तो भी यह तो कहना ही होगा न कि मोदीजी की भारत सरकार न यूक्रेन की हिंसा के बारे में कभी कुछ बोली, न गजा की हिंसा के बारे में बोली। मित्रों की हिंसा हिंसा नहीं होती है, मित्रों पर हिंसा ही हिंसा होती है, नैतिकता की ऐसी परिभाषा कितनी हिंसक है, इसका हिसाब कोई गांधी ही लगा सकते हैं। भारत की यह चुप्पी और अब यह मुखरता राष्ट्रीय शर्म का सबब है। बेंजामिन नेतन्याहू को भी ट्रंप पर चली गोली से एतराज है, जब कि गजा में दनादन चलती अपनी अमानवीय गोलियों पर उन्हें कभी एतराज नहीं हुआ। फ्रांस में पिछले दिनों हुए विरोध प्रदर्शन को गोली की बोली से ही मैक्रां ने चुप कराया था। और जिस अमरीका में यह गोली चली, उस अमरीका में राष्ट्रपति बाइडन ने उन बच्चों के साथ क्या किया था जो फलस्तीनियों के लिए न्याय की आवाज लगाते हुए वहां के अधिकांश विश्वविद्यालयों में जमा हुए थे ?

डोनाल्ड ट्रंप खुद हिंसा भड़काने व नागरिकों को भीड़ में बदल कर, हिंसा के लिए उकसाने के सबसे बड़े अपराधी हैं। अमरीकी अखबार उनके बारे में लिखते रहे हैं कि वे बला के झूठे, सड़कछाप आदमी हैं जो संयोगवश राष्ट्रपति बन गया था। उन पर अमरीकी अदालतों में मुकदमे भी चल रहे हैं जिसे पूर्व राष्ट्रपति को मिले विशेषाधिकार की आड़ में ट्रंप धता बताने में लगे हैं। पिछली बार राष्ट्रपति का चुनाव हारने के बाद भी वे जिस तरह गद्दी छोड़ने को तैयार नहीं हुए उसने, और जिस तरह उन्होंने अपने समर्थकों को कैपिटल हिल्स में घुस जाने तथा हिंसा, लूटपाट मचाने के लिए ललकारा तथा उस सारे हंगामे को चालना दी उसने, अमरीकी लोकतंत्र का चेहरा खासा धुंधला कर दिया है। ट्रंप जब तक राष्ट्रपति रहे, व्हाइट हाऊस से सफेद चमड़ी का अहंकार, सत्ता की बदबू तथा दौलतमंदों का कुसंस्कार ही अमरीका की पहचान बना रहा। चुनाव जीतना व देश के सर्वोच्च पदों पर जा कर बैठ जाना जैसे भारत में किसी नैतिक श्रेष्ठता का प्रमाण नहीं है - बल्कि उल्टा ही है ! - वैसे ही अमरीका में भी है। मैं तो कहूंगा कि भारत और अमरीका नहीं, सारी दुनिया के लिए यही सच है।

आज अधिकांश अमरीकी नहीं चाहते हैं, न बाइडन की पार्टी ही चाहती है कि बाइडन फिर से राष्ट्रपति बनने की कोशिश करें। उनकी दूसरी योग्यताओं की बात न भी करें हम तो भी यह तो सभी जान व देख रहे हैं कि बाइडन शारीरिक रूप से राष्ट्रपति बनने लायक नहीं हैं। लेकिन बाइडन खुद को खुद ही सर्टिफिकेट देते जाते हैं कि मैं हर तरह से राष्ट्रपति बनने लायक हूं : " या तो मैं या भगवान ही इस बारे कोई दूसरा फैसला कर सकते हैं !" इसे लोकतांत्रिक हिंसा कहते हैं भाई !

असहिष्णुता, घृणा, अंधी स्पर्धा, झूठ, हिंसा आदि कुछ अलग-अलग वृत्तियां नहीं हैं। ये सब एक-दूसरे की संतानें हैं। समाज में आप जैसी वृत्तियों को चालना देते हैं वैसी ही लहरें उसमें उठती हैं। अमरीका में चुनावी बुखार चढ़ता जा रहा है जिसे उन्माद में बदलने की कोशिश में डोनाल्ड ट्रंप लगे हैं। वे जानते हैं कि अमरीकी समाज के दूसरे कई घटकों के खिलाफ उन्माद व असहिष्णुता फैला कर ही वे व्हाइट हाउस में दोबारा प्रवेश पा सकते हैं। वे अपने मित्र से सीखते हों शायद कि यदि यही सब कर के तीसरी बार सत्ता पाई जा सकती है, तो दूसरी बार क्यों नहीं ?

सत्ता सबसे बड़ा सच है, तो हिंसा सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए सारे सत्तावान इस सबसे बड़े हथियार पर अपना एकाधिकार चाहते हैं।


## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम्‌ की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




### आज की पाती

**रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता हो**

वर्ष 1951-52 में जब पंचवर्षीय योजना को हरी झंडी दी गई थी, तब इस पर विनोबा भावे ने कहा था कि सरकार की सभी राष्ट्रीय योजनाओं का मकसद रोजगार बढ़ाना भी होना चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार की तीसरी पारी का आम बजट पेश होने वाला है। इस बार के बजट से भी आमजन को बहुत उम्मीदें हैं। वैसे तो आम बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद उन लोगों को होती है जिनको अपनी कमाई पर टैक्स की छूट मिलने की आस होती है, दूसरे जिनकी कमाई इतनी ही होती है कि घर का खर्चा मुश्किल होता है, उनको भी उम्मीद होती है कि रोजमर्रा की चीजों के दाम नीचे आने चाहिए। **- महेश काले**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

**एकादशी की शुभकामनाएं**



आषाढ़ी एकादशी की शुभकामनाएं। भगवान विट्ठल का आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे और हमें आनंद और समृद्धि से भरे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करें। यह अवसर हम सभी में भक्ति, विनम्रता और करुणा को भी प्रेरित करे। हमें गरीब लोगों की सेवा करने के लिए भी प्रेरित करे।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**भुगतान कैसे हुआ**



अयोध्या में जिस तरह विकास का पैसा छूमंतर हो गया वैसे ही बिजली के खंभों से लैम्प-लाइट सब कुछ गायब हो गया है। जनता पूछ रही है जब लाइट ही नहीं है तो लाइट के पोल के नाम से भुगतान कैसे हुआ।
**-अखिलेश यादव, सपा नेता**

**देखकर अच्छा लगता है**



राहुल गांधी का हालिया प्रदर्शन असाधारण है और लोग उन्हें आशा के रूप में देख रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि जब वह कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे तो राहुल गांधी राहुल मेरे छात्रों में से एक थे। अब उन्हें इस तरह से राजनीति करते हुए देखकर अच्छा लगता है।
**-डॉ. अमर्त्य सेन, नोबेल पुरस्कार विजेता**

**दोस्ती हो गई**



कंगना इज ए गुड फ्रेंड। बॉलीवुड में और कुछ हो न हो, लेकिन कंगना के साथ एक अच्छी दोस्ती जरूर हो गई, वो एक अच्छी चीज थी। मैं संसद में उनको ढूंढ रहा था। पिछले 2-3 साल से मैं बहुत बिजी था, मिल नहीं पाया इसलिए मिलना चाहता था।
**-चिराग पासवान, लोजपा सांसद**

## करंट अफेयर

# सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं कब और कैसे



सीबीएसई नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफ) के तहत साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर दुविधा में है । इस बाबत तीन विकल्पों पर चर्चा कर रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सेमेस्टर प्रणाली पर भी विचार कर रहा है जिसमें द्विवार्षिक परीक्षाएं शामिल हैं। वर्तमान में, कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती हैं। अधिकारियों ने बताया कि विचार-मंथन जारी है और अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है कि वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की योजना कब और किस प्रारूप में लागू की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया, तीन संभावित विकल्पों पर चर्चा की गई है, जिनमें से एक सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा आयोजित करना है। इसमें पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी-फरवरी में और दूसरी मार्च-अप्रैल में आयोजित करना है या फिर कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षाओं के साथ जून में बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण आयोजित किया जाए। उन्होंने बताया, जिस तरह से हमारा शैक्षणिक कैलेंडर बनाया गया है, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं का कार्यक्रम और सीबीएसई स्कूल देश भर में और विदेश तक में होने के चलते भौगोलिक चुनौतियां हैं जिससे सेमेस्टर प्रणाली कम व्यवहार्य लगती है।"

## ऑफ बीट

# 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा



2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार, 18 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 23, अंक : 1
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 33.4
न्यून. 26.6


7 एथलेटिक्स में पहला पदक, हॉकी में...


विचार पेज
गोली की बोली


# रिजल्ट जारी... लेकिन कहां देखें? पता नहीं! छग के इतिहास में पहली बार मेरिट गायब

## अब भी ब्लॉक है विद्यामंडलम की वेबसाइट, 10वीं के परिणाम भी इस माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा मंगलवार को कर दी गई लेकिन परिणाम कहां देखें, अब तक इसका ही अता-पता नहीं है। संस्कृत विद्यामंडलम की ब्लॉक वेबसाइट बुधवार को भी नहीं खुल सकी है। वेबसाइट के ब्लॉक होने का कारण भी विद्यामंडलम द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका है। शासकीय अवकाश होने के कारण बुधवार को संस्कृत विद्यामंडलम का कार्यालय बंद रहा। ऐसे में नोटिस बोर्ड पर भी रिजल्ट चस्पा नहीं किए जा सके हैं। मंगलवार को विद्यामंडलम द्वारा केवल परिणामों की घोषणा की गई, लेकिन मेरिट लिस्ट को लेकर असमंजस की स्थिति रही। इतिहास में पहली बार मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जा सकी है और बोर्ड के पास फिलहाल इसका जवाब भी नहीं है।

लेकिन नई जानकारी के मुताबिक संस्कृत विद्यामंडलम मेरिट सूची जारी करने के मूड में नहीं है। इसे लेकर किसी तरह की कोई तैयारी विद्यामंडलम द्वारा नहीं की गई है। यदि ऐसा होता है तो छत्तीसगढ़ में यह पहली बार होगा जब दसवीं-बारहवीं में मेरिट लिस्ट नहीं निकाली जाएगी। फिलहाल केवल बारहवीं के परिणामों की घोषणा की गई है। दसवीं की उत्तरपुस्तिकाएं भी दोबारा जांची जा चुकी हैं। इसके नतीजे भी इस माह जारी कर दिए जाएंगे।

### रद्द हो चुकी है पुरानी मेरिट लिस्ट

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा मई माह में रिजल्ट के साथ जारी की गई मेरिट लिस्ट रद्द की जा चुकी है। इसमें जिन छात्रों को शीर्ष स्थान प्राप्त हुए थे, उनके नतीजे पुनर्मूल्यांकन के बाद क्या रहे हैं, इसकी जानकारी भी विभाग द्वारा नहीं दी गई है। पारदर्शिता बरतने की बात लगातार कही जा रही है, लेकिन पूर्ण रूप से जानकारी देने अब भी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बच रहे हैं।

## संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा घोषणा करने के 24 घंटे बाद भी नतीजे गायब


हरिभूमि
संस्कृत बोर्ड टॉपर्स कांड : इतिहास में पहली बार दोबारा जारी हो रहे नतीजे
हरिभूमि लगातार...
बेटे के बदले बेटी...सीएमएचओ ने बनाई जांच कमेटी, छह एक्सपर्ट देंगे 15 दिन में रिपोर्ट

### अगली परीक्षाओं पर निर्णय नहीं

फर्जीवाड़े के सामने आने के तुरंत बाद संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधीन किए जाने की बात कही गई थी। इस पर भी अंतिम रूप से निर्णय नहीं लिया जा सका है। कुछ माह के अंतराल में बोर्ड परीक्षाओं के लिए पंजीयन प्रारंभ हो जाएगा। माशिम अपने द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी सितंबर माह से प्रारंभ कर देता है, लेकिन संस्कृत बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर फैसला नहीं होने की स्थिति में माशिम तैयारी प्रारंभ नहीं कर सकेगा। इसे लेकर भी जिम्मेदार जवाब देने से बच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### दफ्तर में शराब पी, निरीक्षक समेत तीन निलंबित




**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले में आपातकालीन सेवा के दफ्तर के अंदर शराब पीने के आरोप में राज्य पुलिस के एक निरीक्षक सहित तीन पुलिसकर्मियों को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तीन पुलिसकर्मी शामली में डायल-112 सेवा के कार्यालय में शराब पीते नजर आ रहे हैं।

### 37 कारतूस, गोला और बारूद बरामद



**पटना।** बिहार के पटना में पुलिस ने बुधवार को एक मकान से 37 कारतूस, गोला-बारूद और विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले पोटेशियम नाइट्रेट, चारकोल पाउडर एवं अन्य सामग्री को जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पवन महतो के घर पर बुधवार सुबह छापेमारी के दौरान 35 जिंदा कारतूस, पोटेशियम नाइट्रेट से भरे डिब्बे मिले।

### मोहर्रम जुलूस के दौरान करंट, 14 झुलसे



**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में बुधवार को मोहर्रम जुलूस के दौरान बिजली की हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से करीब 14 लोग झुलस गए। दुर्घटना उस समय हुई जब मुहर्रम जुलूस पिपरा बिजवाड़ा इलाके में एक खुले मैदान से गुजर रहा था कि तभी ताजिया का एक हिस्सा बिजली की हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया, जिससे जुलूस में शामिल करीब 14 लोग झुलस गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत



**सतना।** सतना जिले में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना सतना-चित्रकूट मार्ग पर हुई। बरखेड़ा और मचखड़ा गांवों के लोगों का एक समूह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर चित्रकूट जा रहा था कि तभी बगदरा घाटी में वाहन पलट गया। इस दुर्घटना में रानी सेन (45) और मीनाक्षी द्विवेदी (15) नामक दो महिलाओं की मौत हो गई।

### लावारिस कुत्तों के काटने से बच्चे की मौत



**हैदराबाद।** शहर के जवाहर नगर में लावारिस कुत्तों के एक झुंड के कथित तौर पर काटने से 18 महीने के एक बच्चे की मौत हो गई। मंगलवार की रात बच्चा अपने घर से बाहर निकला और एक कुत्ता उसे कुछ दूर तक घसीट कर ले गया। कुछ लावारिस कुत्ते उस पर झपट पड़े और उसे बुरी तरह नोंचा तथा काटा जिससे वह घायल हो गया। बच्चे को एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

## पीएम मोदी से मिले यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कई मुद्दों पर घंटे भर चला मंथन

# योगी कैबिनेट और पार्टी संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी में भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*उत्तर प्रदेश को लेकर भाजपा नेतृत्व ने हाई लेवल मंथन शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को करीब एक घंटे तक यूपी भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से तमाम मुद्दों पर चर्चा की। मंगलवार रात को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भूपेन्द्र चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से अलग-अलग विचार विमर्श किया था। रविवार 14 जुलाई को लखनऊ में हुई प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद से उत्तर प्रदेश को लेकर पार्टी के भीतर सरगर्मियां तेज हो गईं हैं।*

खास खबर

उत्तर प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनाव के बाद योगी कैबिनेट और संगठन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में लगे तगड़े झटके के बाद लखनऊ से लेकर दिल्ली तक भाजपा के भीतर बेचैनी है। सूबे में पार्टी को उम्मीद के अनुसार सीटें नहीं मिलने से भाजपा बहुमत के आंकड़े से 32 सीटें पीछे रह गई। भाजपा के दिग्गज नेताओं से लेकर चुनावी पंडितों तक किसी को अंदेशा नहीं था कि भाजपा लोकसभा चुनाव के नतीजों में समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से भी पिछड़ जाएगी।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भूपेन्द्र चौधरी से लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर हार का कारण पूछा। संगठन और सरकार के बीच हालिया संबंधों को लेकर भी बात हुई। सूत्रों का कहना है कि मोदी ने प्रदेश में भाजपा के साथ पिछले चुनावों में साथ रहे कई वर्गों के सपा और कांग्रेस के पाले में जाने की ▶▶|शेष पेज 2 पर





**खास बातें**

- यूपी से जुड़े हर बड़े मुद्दे पर चौधरी ने पीएम को दिया फीडबैक
- नड्डा से भी हुई भूपेंद्र और उपमुख्यमंत्री केशव की अलग-अलग मुलाकात

### मोदी से जल्द मुलाकात कर सकते हैं योगी

*कहा जा रहा है कि जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात के लिए दिल्ली आ सकते हैं। फिलहाल पार्टी की चिंता यह भी है कि प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं और जीत हासिल करना आसान नहीं दिख रहा है। हाल ही में विभिन्न राज्यों में हुए 12 सीटों के उपचुनाव में भाजपा सिर्फ दो ही सीट जीत पायी थी।*

### अखिलेश के वार पर मौर्य पलटवार

इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखी एक पोस्ट में कहा 'भाजपा की कुर्सी की लड़ाई की गर्मी में, उप्र में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है, इसीलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है। जनता के बारे में सोचनेवाला भाजपा में कोई नहीं है। सपा प्रमुख की इस पोस्ट पर पलटवार करते हुए केशव मौर्य ने टिप्पणी की 'सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव जी,भाजपा की देश और प्रदेश दोनों जगह मजबूत संगठन और सरकार है, सपा का पीडीए धोखा है। यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है, भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 दोहरायेगी।

### भूपेंद्र को हटाने हो सकता है फैसला

*सूत्रों का कहना है कि यूपी भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव की जगह किसी तेजतर्रार नेता को संगठन की कमान सौंपी जा सकती है। प्रदेश में जिस प्रकार से संविधान बचाओं के नारे के बाद दलित और कई पिछड़ी जातियों का झुकाव सपा और कांग्रेस की तरफ हुआ है उसे देखते हुए कयास लगाये जा रहे हैं कि जाट वर्ग के भूपेन्द्र चौधरी को हटाकर अन्य पिछड़े वर्ग से या दलित समुदाय के नेता को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।*

### असफल मंत्रियों की छुट्टी की चर्चा

*भाजपा हाईकमान योगी कैबिनेट के उन मंत्रियों की भी लिस्ट तैयार करवा रहा है जो अपने मंत्रालय में कुछ खास नहीं कर पाये हैं या कहें कि असफल रहे हैं। पार्टी के बहुत से विधायक अपने क्षेत्र के काम नहीं होने के चलते नाराज हैं। पुलिस प्रशासन को लेकर कई विधायक तो सार्वजनिक तौर पर गुस्सा जता चुके हैं। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी एक बड़ा मसला है। माना जा रहा है कि जल्द ही योगी सरकार की कैबिनेट में बदलाव देखने को मिल सकता है।*

## पदयात्रा पर जा रहे थे तीर्थयात्री

# वैन ने श्रद्धालुओं को कुचला, पांच की मौत



एजेंसी ▶▶| तंजावुर

तमिलनाडु के तंजावुर जिले में बुधवार की सुबह तंजावुर-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने चार महिलाओं समेत पांच श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में एक अन्य महिला घायल हो गयी। पुलिस ने बताया कि पुडुकोट्टई जिले के रहने वाले सभी श्रद्धालु सड़क मार्ग से पदयात्रा करते हुये समयपुरम मरिअम्मां मंदिर जा रहे थे कि यहां से 30 किलोमीटर दूर वलंबकुडी गांव के पास तिरुचि जा रही वैन ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार महिलाओं समेत पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गयी।

### चादर में बटोरने पड़े शव

पुडुकोट्टई पुलिस ने इस मामले में बताया कि कन्नुक्कुडीपट्टी गांव के करीब 56 श्रद्धालुओं का समूह तिरुचिरापल्ली के समयपुरम में प्रसिद्ध अरुलमिगु मरिअम्मन मंदिर की पदयात्रा पर जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे में शवों ऐसे हो गए, कि उन्हें चादर में बटोरना पड़ा।

### इनकी हो गई मौत

इस घटना में मोहनम्बल, मीना, रानी और मुथुसामी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक अन्य महिला लक्ष्मी ने तंजावुर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई एक अन्य महिला संगीता की हालत गंभीर बताई गयी है।

## शंकराचार्य के समर्थक और मंदिर समिति प्रबंधन आमने-सामने

# केदारनाथ मंदिर से सोना चोरी का आरोप एक 'षड्यंत्र'



एजेंसी ▶▶| रूद्रप्रयाग

केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह से सोने की कथित चोरी संबंधी आरोपों पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधन और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने गर्भगृह से सोने की चोरी के आरोपों को बेबुनियाद और तथ्यहीन बताते हुए आरोप लगाने वालों से विवाद खड़ा करने की बजाय सक्षम स्तर पर मामले की जांच की मांग कराने का अनुरोध किया। अजय ने इन आरोपों को 'षड्यंत्र' बताते हुए स्पष्ट किया कि दानदाता द्वारा केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की इच्छा प्रकट की गयी थी और उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव का परीक्षण कर उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी गयी। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अधिनियम-1939 में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही दानदाता से दान स्वीकारा गया और इसके लिए विधिवत प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।

### विशेषज्ञों की देखरेख स्वर्ण मंडित

मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों की देखरेख में गर्भगृह को स्वर्ण मंडित कराने का कार्य किया गया। अजय ने यह भी स्पष्ट किया कि गर्भ गृह को स्वर्ण मंडित करने का कार्य दानदाता ने स्वयं किया और उन्होंने ही अपने स्तर से स्वर्णकार से तांबे की प्लेटें तैयार करवाईं और फिर उन पर सोने की परतें चढ़ाई गईं। दानदाता ने स्वर्णकार के माध्यम से ही इन प्लेटों को मंदिर में स्थापित भी कराया।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

केदारनाथ के तीर्थ पुरोहितों ने वीडियो संदेश जारी कर केदारनाथ सोना प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने संदेश में कहा कि वे (तीर्थ पुरोहित) शुरुआती दौर से ही केदारनाथ धाम में चांदी और सोने की परत लगाए जाने का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरोध के बावजूद मंदिर समिति प्रशासन की ओर से पहले चांदी और उसके बाद सोने की परत लगाई गई।

### सोने की 528 प्लेटें गायब

केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ ही चांदी की 230 प्लेटें भी गायब हैं। उन्होंने मंदिर समिति से सवाल किया कि आखिर 230 किलो सोना कहां गया। इसके अलावा, उन्होंने पूर्व में लगी चांदी के बारे में भी मंदिर समिति से जवाब मांगा है। बगवाड़ी ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश से इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं।

## सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ




**रायपुर।** साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को लॉन्च किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण और आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक अमर अग्रवाल भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## असम के हमार में बड़ी कार्रवाई

# मुठभेड़ में मार गिराए तीन उग्रवादी, कई जवान घायल

एजेंसी ▶▶| सिलचर



असम के कछार जिले में बुधवार को भीषण मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, सुबह-सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया।

### ऑटो रिक्शा, एके-47 और पिस्तौल बरामद

उन्होंने कहा, पुलिस ने एक ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भबन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए।

## राज्यसभा आवासीय समिति की अध्यक्ष इंदूबाला का दावा

*बजट सत्र के दौरान नवनिर्वाचित 57 सांसदों को आवंटित हो जाएंगे आवास*

# सांसदों को अब तक नहीं मिल सका है दिल्ली में सरकारी आवास, एक्शन में संपदा निदेशालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

नई लोकसभा में चुनकर आये सांसद हों या फिर राज्यसभा के पांच दर्जन से अधिक सांसदों की नई पारी की शुरूआत हो, दोनों सदनों के नव निर्वाचित सांसदों को दिल्ली के लुटियन जोन में अब तक सरकारी आवास मुहैया नहीं हो पाये हैं। लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय लगातार इस ओर प्रयासरत है कि जल्द से जल्द सरकारी आवास पर अनाधिकृत रूप से काबिज सांसदों, नौकरशाहों से घरों को ▶▶|शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- लोकसभा के आवासों पर पूर्व सांसदों का कब्जा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को 83 लोधी इस्टेट आवंटित पर वहां पूर्व सूचना आयुक्त हैं जमे हुए
- पूर्व केंद्रीय मंत्रियों में केवल स्मृति ईरानी ने तय मियाद में खाली किया सरकारी घर



### आवास नहीं तो कहां रुकते हैं सांसद

केंद्र में मोदी सरकार आने से पहले अशोक होटल समेत कुछ अन्य फाइव स्टार होटलों में नवनिर्वाचित सांसदों को दिल्ली प्रवास के दौरान रुकने की व्यवस्था संसदीय सचिवालय करता था। जाहिर है उसका भुगतान लोकसभा या राज्यसभा सचिवालय से किया जाता था। मगर, मोदी सरकार के आने के बाद इस व्यवस्था में बडा बदलाव कर दिया गया।

### ऐसे होता है आवंटन

केंद्रीय आवासीय पूल में कई तरह के सरकारी आवासों की व्यवस्था है। टाइप-5 से टाइप -8 तक के बंगले सांसदों, केंद्रीय मंत्रियों को आवंटित किये जाते हैं। जो सांसद पहली बार चुनकर आते हैं उन्हें टाइप-5 बंगले दिये जाते हैं। टाइप-8 बंगले केंद्रीय मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति और वित्त आयोग के अध्यक्ष को आवंटित किया जाता है।

## जैकेट के शेष

### दिल्ली के सघन दौरे ....

करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात में रोजगार सृजन, श्रमिक कल्याण और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहायता का आग्रह किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के राजनीतिक हालात पर भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान राज्य में श्रम, रोजगार और खेल के क्षेत्र में हो रही प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि, श्रमिक कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन और रोजगार के नए अवसरों का सृजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेरोजगारी की दर को कम करने के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग की। डॉ. मंडाविया ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों की सराहना की और राज्य में विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहयोग देने को तैयार है।

**धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना (240 किमी) :** मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगांव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ेगी। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपए है।

**अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना (200 किमी) :** इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपए है।

### शाह से छत्तीसगढ़ ....

नियमित रूप से आम लोगों और विशेषज्ञों से चर्चा कर एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री को राज्य में माओवादियों के सप्लाई और फंडिंग नेटवर्क के खिलाफ की जा रही प्रभावी कार्रवाई के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने माओवादियों की गतिविधियों पर लगाम लगाने और उनके वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने नक्सल ऑपरेशन और माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों के बारे में भी गृहमंत्री को जानकारी दी।

### रेल मंत्री ने कहा- ....

और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा। ये चारों परियोजनाएं 36 हजार 500 करोड़ रुपए की अनुमानित हैं।

### एंटी नक्सल यूनिट ...

से घायल जवानों को महाराष्ट्र शासन के हेलीकॉप्टर से थाना बांदे कांकेर से महाराष्ट्र पहुंचाया गया है इधर मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी तथा कांकेर जिला की फोर्स अलर्ट हो गई है।

### एनएसजी पहुंची अयोध्या.....

रामजन्मभूमि की सुरक्षा पर होगा। 19-20 जुलाई को एनएसजी सुरक्षा को लेकर रिहर्सल भी कर सकती है। एनएनसी की टीम बुधवार को राममंदिर परिसर में करीब दो घंटे रही।

### विधायक जी....क्या ये ...

हुए कुछ लोगों के साथ किनारे पहुंचे। ऐसा बताया जा रहा है कि श्री मंडावी किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे। जांगला टीआई दीपक ठाकुर ने बताया कि बारिश की वजह से जांगला नाला में पानी भर गया, जिस वजह से बीजापुर और जगदलपुर के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इस बरसाती नाले में पानी भर जाने से सैकड़ों गाड़ियां फंसी हुई थी। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में अब तक बीजापुर जिले में सर्वाधिक बारिश हुई है। 1 जून से 15 जुलाई तक बीजापुर जिले में 410. 7 मिमी बारिश दर्ज की गई। यहां लगातार बारिश से जाम के हालात हैं। यहीं पर सैकड़ों यात्री तीन घंटे तक फंसे हुए थे। इस भीड़ में विक्रम मंडावी भी थे, जिन्होंने खतरा उठाकर नाला पार कर लिया। वैसे, तीन घंटे के बाद बाढ़ का पानी सड़क से उतरने के बाद आवाजाही शुरू हो सकी। **डूब गया रपटा :** लगातार बारिश से चेरपाल रपटा डूब गया और आवागमन बाधित हो गया, इसमें सैकड़ों वाहन व यात्री फंस गए। बताया जा रहा है कि बीती रात से पूरे जिले में लगातार बारिश हो रही थी। बारिश के चलते गंगालूर को जोड़ती सड़क में चेरपाल रपटा पर पानी चढ़ गया। जिसके चलते तीन घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहा।

### एंबुलेंस भी फंसी....

आवागमन करने से रोके रही, जिन्हें पानी कम होने के बाद रवाना किया गया।

### कर्नाटक में प्राइवेट ...

किसी भी उद्योग, कारखाना या अन्य प्रतिष्ठानों में प्रबंधन स्तर पर 50 प्रतिशत और गैर प्रबंधन श्रेणी में 70 प्रतिशत आरक्षण स्थानीय लोगों को देना अनिवार्य होगा। इसमें कहा गया है कि यदि उम्मीदवार के पास कन्नड़ भाषा के साथ माध्यमिक विद्यालय का प्रमाणपत्र नहीं है, तो उन्हें 'नोडल एजेंसी' द्वारा आयोजित कन्नड़ प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। **उद्योग जगत ने बताया फासीवादी :** चर्चित उद्यमी एवं इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी टी.वी.मोहनदास पाई ने विधेयक को 'फासीवादी' करार दिया है। फार्मा कंपनी 'बायोकॉन' की प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ ने कहा, एक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में हमें कुशल प्रतिभा की आवश्यकता है।

### अब कॉलेज कैंटीन ...

संचालित हो रहे कैंटीन द्वारा अब सिर्फ हेल्दी फूड ही परोसे जाएंगे। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, जैसा कि आप जानते हैं, नेशनल एडवोकेसी इन पब्लिक इंटरेस्ट (एनएपी।) पोषण पर एक राष्ट्रीय थिंक टैंक है, जिसमें महामारी विज्ञान, मानव पोषण, सामुदायिक पोषण और बाल चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा, प्रशासन, सामाजिक कार्य और प्रबंधन में स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल हैं। बढ़ते मोटापे, मधुमेह और अन्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) पर चिंतित, सामान्य एनसीडी (2017-2022) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय बहु-क्षेत्रीय कार्य योजना (एनएमएपी) के त्वरित कार्यान्वयन के लिए एनएपी ने शैक्षणिक संस्थानों में अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाने और कैंटीनों में स्वस्थ भोजन विकल्पों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है।

# कारगिल के शहीदों को 7 हजार किमी. की 'साइकिल यात्रा' से श्रद्धांजलि देने निकली मध्य प्रदेश की बेटी

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

खास बातचीत



- मप्र. के राजगढ़ की रहने वाली आशा मालवीय 26 जुलाई को कारगिल युद्ध की रजत जयंती के मौके पर पहुंचेंगी कारगिल, शहीदों को देंगी श्रद्धांजलि
- 24 जून 2024 को कन्याकुमारी से की थी यात्रा की शुरुआत। 3,400 किमी. की दूरी तय कर 16 जुलाई को पहुंची थीं राजधानी दिल्ली

वो कहते हैं ना 'मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है'। जी हां ये पंक्तियां और इनमें छिपा हुआ भाव मध्य प्रदेश की एक पच्चीस वर्षीय युवा बेटी आशा मालवीय के साथ पूरी तरह से मेल खाता हुआ नजर आ रहा है। जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर के कारगिल में लड़े गए युद्ध की इस वर्ष मनाई जा रही 25 वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती के मौके पर मां भारती के वीर सपूतों को अपनी एक अनोखी 7 हजार किलोमीटर की 'एकल महिला साइकिल यात्रा' के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित करने का प्रण लिया है। इसके लिए आशा ने अपनी यात्रा की शुरुआत देश के दक्षिणी छोर पर स्थित कन्याकुमारी से पिछले महीने 24 जून को कर दी थी। इसके बाद वह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से होते हुए करीब 3 हजार 400 किलोमीटर की दूरी तय कर बीते मंगलवार को राजधानी दिल्ली पहुंची थीं। यहां रक्षा मंत्रालय में हरिभूमि ने उनसे खास बातचीत की। इसमें उनके जीवन के व्यक्तिगत संघर्ष से लेकर साइकिल यात्रा से शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से लेकर देश के युवाओं को दिया गया प्रेरणादायक संदेश शामिल है। पेश हैं बातचीत के अंश-

**कारगिल के शहीदों को साइकिल यात्रा से श्रद्धांजलि देने के पीछे क्या उद्देश्य है?** मेरी इस यात्रा का उद्देश्य कारगिल की लड़ाई में दुश्मन से हमारी रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों की कुर्बानी को असल युद्धक्षेत्र में जाकर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देना है। इससे मैं देश और दुनिया को ये बताना चाहती हूं कि एक वक्त में इस लड़ाई के समय पर (25 साल पहले) जिस कारगिल तक पहुंचने में हमारी सेना को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

**एकल साइकिल यात्रा चुनौतियों से भरी है, इसकी प्रेरणा कहां से मिली?**

*मैं मध्य प्रदेश के राजगढ़ के नाटाराम गांव की रहने वाली हूं। मेरे परिवार में मेरी मां (राजू बाई) और एक छोटी बहन (निशा) है। मैंने अपने पिता को कभी नहीं देखा। मेरी मां ने मजदूरी कर मुझे और मेरी बहन को पाल पोसकर बड़ा किया है। इसमें भी मैंने अपनी मां मजदूरी से दिन में मात्र 30 रुपए में हमारा पेट भरते देखा है। उनके पांव में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं थी। उनके सामने मुझे लगता है कि सारी प्रेरणाएं फेल हो जाती हैं। क्योंकि हम अपने परिवार को जैसा देखते हैं, वैसा ही हम सीखते हैं। इसलिए मैंने अपने परिवार से सिर्फ मेहनत करना सीखा है और बोलते हैं कि जो खुद से प्रेरित हो, उसे कोई और मोटिवेट या डिमोटिवेट नहीं कर सकता। छात्रवृत्ति से फिजिकल एजुकेशन में परास्नातक किया। इसमें भी घर की जिम्मेदारियां पूरी करने के बाद साइकिल यात्रा की योजना बनाई और निकल पड़ी। मैंने किसी से कोई स्पॉन्सरशिप नहीं ली। इस पर मैं ये कहूंगी कि हमारे जीवन की समस्याएं कभी भी इतनी बड़ी नहीं होती हैं। जितना बड़ा हमारा हौसला होता है। इसलिए हमें समस्याओं का सामना हिम्मत के साथ करना चाहिए।*

**आपकी यात्रा का पड़ाव कारगिल पर खत्म हो जाएगा?**

नहीं, 26 जुलाई को कारगिल पहुंचने के बाद मेरी यात्रा का अगला पड़ाव सियाचिन होगा। जहां मैं 15 अगस्त को पहुंच जाऊंगी। सियाचिन के बाद मेरी 1 सितंबर को दिल्ली वापसी होगी। यहां मैं अपनी यात्रा का औपचारिक समापन करूंगी। साथ ही मैंने योजना बनाई है कि राजधानी में मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करूंगी।

**अपनी यात्रा से युवाओं को क्या संदेश चाहती हैं? :** मैं देश के युवाओं को यह संदेश देना चाहूंगी कि देशभक्ति की भावना हमारे मन में केवल सेना और बाकी फोर्सेज को देखकर ही नहीं आनी चाहिए। बल्कि ये हमारे अंदर खुद से ही होनी चाहिए। देश के हर घर में एक देशभक्त होना चाहिए। फिर चाहे वो किसी भी रूप में देश की सेवा करे।

### ओली रविवार को हासिल करेंगे विश्वासमत



**काठमांडू।** नेपाल के नव नियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे। एक खबर में उनकी पार्टी के मुख्य सचेतक के हवाले से यह जानकारी दी गयी। ओलीने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। 'मायरिपब्लिका' समाचार पोर्टल ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। संभावना है कि ओली ऐसा आसानी से कर लेंगे, क्योंकि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम संख्या 138 है।

# डोडा में देर रात... फिर हुई मुठभेड़, सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन, जल्द दबोचे जाएंगे

एजेंसी ▶▶| जम्मू

- आतंकियों की तलाश में खंगाला जा रहा चप्पा-चप्पा



डोडा में मंगलवार देर रात एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी घने जंगल में भाग निकले। बुधवार भोर होने के साथ ही फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। जम्मू संभाग के जिला डोडा में मंगलवार देर रात एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी घने जंगल में भाग निकले। बुधवार सुबह होते साथ ही फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। डोडा के देसा के जंगल में सोमवार को हुई मुठभेड़ में एक कैप्टन समेत चार जवान बलिदान हो गए थे। इसके बाद से ही आतंकियों की तलाश में गहन सर्च ऑपरेशन चल रहा है। डोडा जिले के देसा के जंगलों में सोमवार रात भारी हथियारों से लैस आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन, नायक समेत चार जवान बलिदान हो गए। जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष ग्रुप का एक जवान घायल है। सुरक्षाबल इलाके को घेरकर सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। दहशतगर्दों को खोजने के लिए पैरा कमांडो, डॉग स्क्वायड के साथ हेलिकॉप्टर व ड्रोन की मदद भी ली जा रही है। मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त जवानों को भेजा गया है।

**आतंकवाद का गढ़ रहा है डोडा**

डोडा जिला करीब 15 साल पहले सामूहिक रूप से विशेष समुदाय के लोगों को बंधक बनाकर कई नरसंहार और कान व नाक काटने जैसी नृशंस आतंकी वारदातों का गवाह रहा है। इस जिले में पिछले दो माह में पांच से अधिक आतंकी वारदातें हो चुकी हैं। संदिग्धों के देखे जाने की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं।

**सेना बलिदानियों के परिवारों के साथ**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के जवानों ने आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, दुख की इस घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

## पेज एक के शेष

### योगी कैबिनेट और पार्टी...

वजह भी चौधरी से पूछीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने उन मंत्रियों को लेकर भी फीडबैक लिया जो अपने मंत्रालय के जरिये रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने जब रविवार को कार्यसमिति की बैठक में कहा 'संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द मेरा दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं है, कार्यकर्ता ही गौरव है।' तो इसके मायने यही निकाले गये कि मौर्य के बयान के जरिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संदेश देने की कोशिश की गई है। सर्वविदित है कि योगी और मौर्य में लंबे समय से खींचतान चल रही है। माना जाता है कि मौर्य को दिल्ली में पार्टी हाईकमान का आशीर्वाद हासिल है। लोकसभा चुनाव के बाद से योगी सरकार की कार्यशैली की आलोचना यूपी भाजपा के कई नेता खुलेआम कर चुके हैं। पार्टी के कई नेता कह चुके हैं कि सरकार में संगठन की पूछ नहीं है और अफसरशाही हावी है।

### सांसदों को अब तक...

खाली कराया जाए ताकि नये सिरे से आवंटित सुनिश्चित हो सके। इसी सिलसिले में लोकसभा के पूर्व 200 सांसदों को शहरी एवं विकास मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने नोटिस भेजकर सरकार आवास खाली करने को कहा है। नोटिस में यह भी साफ कर दिया गया है कि अमुक तारीख तक आवास खाली नही किया गया तो तय नियमों के मुताबिक जबरन आवासों को खाली कराया जाएगा। पहले आवासों का खाली करने का तीन महीने का समय दिया जाता था, जिसे घटाकर अब एक महीने कर दिया गया है। ताकि जल्द से जल्द नये सांसदों अपना काम शुरू कर सकें। इस बीच पूर्व सांसदों में केवल स्मृति ईरानी ही हैं जिन्होंने लोकसभा में हार का सामना करने के बाद महीने भर के भीतर ही 28 तुगलक क्रिसेंट स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया था। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को 83 लोधी इस्टेट आवंटित किया गया है, वहां पूर्व सूचना आयुक्त ने गैर वाजिब तरीके से अब तक डेरा जमाया हुआ है। लोकसभा सचिवालय, राज्यसभा सचिवालय संबंधित संसदीय आवास समिति के अध्यक्षों और शहरी विकास मंत्रालय के संपदा निदेशालय के बीच समन्वय स्थापित कर सांसदों के लिए उनके वरिष्ठता और पद के हिसाब से आवास को चिन्हित करते हैं। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रियों समेत सभी सांसदों को इस बात की ताकीद कर दी गई है किसे कहां सरकारी आवास आवंटित हुए हैं। अब उन्हें खाली कराने और संसदीय सचिवालय को हैंडओवर करने की जिम्मेदारी संपदा निदेशालय की है। लोकसभा आवासीय समिति की अध्यक्षता इस बात पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा को मिली है, जब कि राज्यसभा आवासीय समिति की कमान हिमाचल की सांसद इंदूबाला को दी गई है।

इंदूबाला ने हरिभूमि से बातचीत में बताया, अप्रैल में राज्यसभा में भले ही 57 सांसद चुन कर आ गए मगर सभी ने साथ शपथ नहीं लिया। जिस दिन बतौर सांसद नेता शपथ लेते हैं उस दिन से उनकी जिम्मेदारी संसदीय सचिवालय की शुरू हो जाती है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे भी डेढ साल के बाद आवास आवंटित हो सका था। मगर, इस बार बजट सत्र में ही हमारी कोशिश होगी सभी नव निर्वाचित राज्यसभा सांसदों को आवास आवंटित कर दिया जाए।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

अमीर और गरीब के बीच बढ़ती जा रही खाई

# सबसे अमीर और गरीब के मासिक खर्च में 20 गुना का अंतर : कांग्रेस

***देश के सबसे गरीब 5 फीसदी का मासिक खर्च 1373 रुपए***

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने देश में गरीबों और अमीरों के बीच खाई बढ़ने का दावा करते हुए बुधवार को कहा कि सबसे अमीर तथा सबसे ग़रीब परिवारों के मासिक उपभोग खर्च में करीब 20 गुना का अंतर है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का भी हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि देश में अमीरों और गरीबों के बीच प्रति व्यक्ति मासिक खर्च का अंतर 10 गुना तक बढ़ गया है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस पार्टी लगातार इस मुद्दे को उठा रही है कि देश में अमीर और ग़रीब के बीच खाई बढ़ती जा रही है। अब आंकड़ों को ही देखिए। देश के पांच प्रतिशत सबसे ग़रीब लोगों का मासिक उपभोग ख़र्च महज 1,373 रुपये है, वहीं शीर्ष पांच प्रतिशत अमीरों का मासिक उपभोग ख़र्च तकरीबन 20,824 रुपये है। सबसे अमीर और सबसे ग़रीब परिवारों के बीच हर महीने मासिक उपभोग ख़र्च में 20 गुना का अंतर है।

**एकाधिकार के कारण बढ़ी महंगाई**



अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार के कारण महंगाई बढ़ी है। उन्होंने उल्लेख किया, '21 अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है।'

**आम सूचना**

ग्राम बेरलाकला स्थित भूमि के संबंध में

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार भगवत राम साहू पिता बुधराम साहू, उम्र-74 वर्ष, निवासी-मकान नंबर-43, वार्ड नंबर-03, ग्राम मोंहदी तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) है। से प्राप्त अधिकार व निर्देश से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता- कु. विमला साहू पिता खेदूराम साहू, उम्र-62 वर्ष निवासी मकान नंबर-1137, वार्ड नंबर-03, बलराम चौक कृष्णानगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की जिसकी ग्राम-बेरलाकला, प.ह.नं.-40, संयुक्त रूप से दर्ज कृषि भूमि खसरा नंबर-233, 306, 322, 323, 324, 368, 369, 375, 376, 885, 944 रकबा क्रमशः 0.300 हे., 0.030 हे., 0.090 हे., 0.080 हे. 0.060 हे., 0.180 हे., 0.160 हे., 0.480 हे., 0,860 हे., 0.730 हे., 0.030 हे., 0.040 आरे कुल खसरा नंबर-13, कुल रकबा 3.900 आरे लगान 14.38/-रू. को में से विमला साहू की स्वामित्व की भूमि 70 डिसमिल को क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि विक्रय की पूर्ण प्रतिफल राशि 7,52,500/-रू. (अक्षरी सात लाख बावन हजार पांच सौ रू.) प्रदान कर चुके है तथा भूमि का पंजीयन कराना शेष है कि वर्तमान में मेरे पक्षकार को जानकारी प्राप्त हुई कि कु. विमला साहू अन्य व्यक्ति को भूमि विक्रय करने का प्रयास कर रही है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त इकरारशुदा भूमि को कोई व्यक्ति संस्था आदि क्रय ना करें अन्यथा समस्त परिणामों की जवाबदारी क्रय करने वाली व्यक्ति की होगी।

तदानुसार सो सूचना जाने।

दुर्ग
दिनांक-
भवदीय
सोहनलाल चन्द्रपक्षी
मो.नं.-9399942153


**Advertisement for recruitment of project staff under Uttar Pradesh CAMPA project Walk in Interview date 24th July 2024 time: 10:00 AM**

Venue:
Department of Forestry, Wildlife and Environmental Sciences, GGV, Bilaspur, Chhattisgarh.

| SL. No. | Post | Emluments | No. Of Post | Eligibility |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Special Project Associate (SPA) | 40000/- Month Consolidated | 10 | Post Graduation |
| 2 | Field Assistant (FA) | 20000/- Month | 12 | Graduation |
| 3 | Accountant | 20000/- Month | 01 | Graduation |
| 4 | Data Entry Operator (DEO) | 18000/- Month | 02 | Graduation |

**Note:** For details of the post eligibility please visit Guru Ghasidas Vishwavidyalaya official website (http://new.ggu.ac.in) in advertisement section and bring all the originals documents, passport size photo and one set a biodata. PI -1 Dr. Brijendra Pratap Singh, PI- 2 Dr. Chandresh Kumar Singh, CO-PI- Dr. Chowlani Manpoong, Co-PI- Dr. Atul Kumar Bharadwaj For any inquiry contact Email: p.brijcbdra@gmail.com Mob. 9415385888, 8871022267,9770149409, 8132888741

## शब्द पहेली - 5575



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5574 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5586

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5585 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |




Scan to know about the extraordinary INVICTO | SCAN TO CHAT ON WHATSAPP

**RAIPUR: NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

For creative visualization and illustrative purposes only. Terms & conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to Owner's manual. Car model and accessories shown may vary from the actual product and car colour may vary due to printing on paper. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st July'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *For representational purpose only.



# क्या इंसानों को भी है स्वाइन फीवर का रिस्क

कुछ समय पूर्व स्वाइन फीवर के कुछ मामले केरल में सामने आने के बाद कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस रोग के इंसानों में फैलने का कितना रिस्क है?

**अवेयरनेस**



हाल में केरल के त्रिशूर जिले में सुअरों के बीच फैलने वाले अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामले सामने आए हैं। यह संक्रामक बीमारी पालतू और जंगली सुअर दोनों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि बीमारी फैलने को लेकर एलर्ट जारी कर दिया गया है लेकिन मामला सामने आने के बाद आस-पास के क्षेत्र में लोग डरे हुए हैं।

**इंसानों में फैलने का रिस्क नहीं:** स्वाइन फीवर के मामले में राहत की बात यह है कि ब्रिटिश एग्रीकल्चर, एन्वॉयरनमेंट और रूरल अफेयर्स के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर, स्वाइन फ्लू बीमारी से अलग तरह का रोग है और ये जूनोटिक नहीं है। यानी, यह सुअरों से इंसानों में नहीं फैलती है। लोगों के मन में जानवरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति भय रहता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि वे कौन-सी बीमारियां हैं, जो इंसानों को प्रभावित कर सकती हैं? इन बीमारियों की चपेट में आने का किसे सबसे ज्यादा रिस्क है?

**जानवरों से फैलते हैं इंसानों में कई रोग:** कई जानवरों और इंसानों का सदियों से घनिष्ठ संबंध रहा है। हम सभी डायरेक्टली या इनडायरेक्टली हर दिन किसी ना किसी तरह से जानवरों के संपर्क में आते ही हैं। दूध, दही, पनीर, अंडा या मांस जैसे सभी फूड आइटम्स पशुओं से ही प्राप्त किए जाते हैं। यानी हम सभी पशुओं के जरिए अपने भोजन का काफी हिस्सा प्राप्त करते हैं। ऐसे में इन फूड आइटम्स में से अगर कुछ भी हम अपने नियमित आहार में शामिल करते हैं और अगर वो पशु किसी भी तरह के रोग से संक्रमित है तो ये हमें भी संक्रमित कर सकता है।



**ऐसे भी फैलता है संक्रमण:** पशुओं या पक्षियों के काटने, उनकी लार के संपर्क में आने से भी कई बीमारियां इंसानों में फैल सकती हैं। इसकी वजह बैक्टीरिया, वायरस, फंगई जैसे माइक्रोऑर्गेनिज्म होते हैं, जो विभिन्न जंतुओं के माध्यम से इंसानों में प्रवेश कर सकते हैं। इसे जूनोसिस कहा जाता है।

**क्या होती हैं जूनोटिक बीमारियां:** जंतुओं से इंसानों में होने वाली जूनोटिक बीमारियां, इंसानों में छोटी-मोटी समस्या पैदा करने से लेकर मृत्यु तक का कारण बन सकती हैं। इन बीमारियों में एनिमल फ्लू, बर्ड फ्लू, कैट स्क्रैच फीवर, डेंगू, चिकनगुनिया, गियार्डियासिस, इबोला, लाइम डिजीज, हेपेटाइटिस ई, पैरट फीवर, मलेरिया, प्लेग, रेबीज, स्वाइन फ्लू और वेस्ट नील वायरस जैसी बीमारियां शामिल हैं।

इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. गौरव जैन** बताते हैं, 'जूनोटिक का अर्थ है, किसी भी माध्यम से जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारी। ये बीमारी छूने से, भोजन, पानी या हवा से या किसी अन्य वेक्टर के माध्यम से फैल सकती हैं। चिड़ियाघर में भी जूनोटिक बीमारियों के संक्रमण का खतरा हो सकता है। खेतों में काम कर रहे किसान और पशुपालन कर रहे लोग गोबर आदि के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे भी ये बीमारियां फैल सकती हैं। आमतौर पर जूनोटिक बीमारियां, किसी को भी प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन कुछ लोगों को इन बीमारियों के संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है। इनमें प्रेग्नेंट महिलाएं, 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, एचआईवी से संक्रमित लोग, 5 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे, गंभीर बीमारियों का उपचार करा रहे लोग और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग शामिल हैं।'

**बचाव-उपचार के तरीके:** श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन **डॉ. अरविंद अग्रवाल** के अनुसार, 'अगर किसी पालतू जानवर के संपर्क में आने से आपको चोट लगी है, जैसे किसी जानवर ने काट लिया है या उसके पंजे से खरोंच लगी है तो आपको जल्द-से-जल्द डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। आप यह सुनिश्चित करें कि उस जानवर को सभी जरूरी वैक्सीन लगी है या नहीं? अगर किसी गैर पालतू जानवर ने आपको काट लिया है तब तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट कर जरूरी ट्रीटमेंट लें। इसके अलावा अगर आपको किसी कीड़े ने काट लिया है और उसके बाद किसी तरह के लक्षण सामने आ रहे हैं तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बचाव के तौर पर जानवर के संपर्क में आने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएं, पालतू जानवरों का टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही हर साल पशु चिकित्सक से उनकी जांच भी कराएं। जानवरों की बाइट और खरोंच से बचें, जानवरों से संपर्क के दौरान या उसके तुरंत बाद अपने मुंह और आंखों को ना छुएं। मच्छर और अन्य तरह के कीटों के काटने से बचाव के लिए कीट प्रतिरोधी लोशन या अन्य बचाव के तरीकों का उपयोग करें।' *

**-हरिभूमि फीचर्स**

---


**सीजनल डिजीज**

हालांकि बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। इनमें सबसे अधिक लोग मच्छर काटने से होने वाली बीमारियों से ग्रसित होते हैं। खासतौर पर बीते कुछ वर्षों में डेंगू से पीड़ित पेशेंट्स की संख्या काफी बढ़ी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स विस्तार से बता रहे हैं, डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में।

# बारिश के मौसम में डेंगू की आशंका बरतें सावधानी-रहें सुरक्षित







बारिश के मौसम में मच्छर पनपने के कारण मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू रोग होने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग कई प्रकार की लापरवाहियां करते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें इन मच्छर-जनित जानलेवा रोगों के रूप में भुगतना पड़ता है।

## क्या होता है डेंगू

डेंगू को आमतौर पर हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी डेंगू वायरस के कारण होती है। अगर एडीज मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तब इस वायरस के उस व्यक्ति में संक्रमण के कारण उसे डेंगू हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व की लगभग आधी आबादी अब डेंगू होने के खतरे में है। अनुमान है कि पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 100-400 मिलियन लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। ऐसे में बदलते मौसम के साथ डेंगू से सावधान रहना जरूरी है।

## डेंगू होने के कारण

डेंगू रोग के लिए चार वायरस जिम्मेदार होते हैं। इन्हें डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 के नाम से जाने जाते हैं। ये वायरस एडीज मच्छर के काटने से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह वायरस रक्त प्रवाह के जरिए पूरे शरीर में फैलता है और व्यक्ति डेंगू से ग्रस्त हो जाता है। इसलिए आपको बरसात के मौसम में मच्छरों के काटने से बचकर रहना चाहिए।

## डेंगू के लक्षण

डेंगू से संक्रमित होने पर किस तरह के लक्षण दिखते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली के प्रिंसिपल कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. दीपक गुप्ता** सलाह देते हैं कि डेंगू से बचाव के लिए इस रोग के लक्षणों पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू के लक्षणों में सामान्य बुखार शामिल है। ऐसे में बुखार होने पर लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है। हालांकि डेंगू में 104 डिग्री फारेनहाइट का बुखार होता है, जिसके साथ अन्य लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। जैसे जी मिचलाना, तेज सिर दर्द होना, हड्डियों में दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द होना, जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, आंखों के पीछे दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना आदि। अगर आपको या आपके किसी परिचित को इस प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर सामान्य बुखार आ रहा है तो भी आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस मौसम में जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है कि बदन दर्द या सिर दर्द से राहत के लिए बिना डॉक्टर से पूछे किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा ना लें क्योंकि इससे प्लेटलेट काउंट में गिरावट हो सकती है।

## उपचार के तरीके

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** कहते हैं, 'डेंगू के उपचार के लिए आपको समय पर डॉक्टर के पास पहुंचना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एक प्रकार का वायरसजनित रोग होता है और इसके इलाज में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय पर सही इलाज का आरंभ होना। डॉक्टर के पास पहुंचने पर डॉक्टर जांच करते हैं। जिसके बाद डेंगू की पुष्टि होने पर वह दवाइयों और इंजेक्शन के माध्यम से पेशेंट का इलाज करते हैं। इसमें गंभीर डिहाइड्रेशन जैसे मामलों में मरीज को आईवी ड्रिप भी दी जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण होता है, व्यक्ति का शरीर हाइड्रेट रहे क्योंकि ज्यादा उल्टी और तेज बुखार के दौरान बहुत नुकसान होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत आवश्यक होता है। इस दौरान मरीज को तरल पदार्थ के सेवन करने की सलाह दी जाती है और लगातार डॉक्टर के निगरानी में रहना चाहिए।'

## बचाव के उपाय

नारायणा हॉस्पिटल, आर. एन. टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता में कंसल्टेंट-क्रिटिकल केयर, **डॉ. राकेश शर्मा** डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में बताते हैं, 'सबसे महत्वपूर्ण है आपको मच्छरों से खुद को बचाना, क्योंकि बारिश के मौसम में मच्छर पनपने की संभावना अधिक होती है और ऐसे में डेंगू के मच्छरों के काटने पर डेंगू हो जाता है। इसके लिए कुछ बातों पर अवश्य ध्यान दें। अपने घर के भीतर, छत पर या आस-पास ज्यादा दिन तक पानी को जमा ना होने दें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपनी त्वचा को ढंक कर रखें, जिससे मच्छर काटने की संभावना बहुत ही कम हो जाए। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अधिक सक्रिय रहते हैं और इस समय आपको बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। शरीर के खुले भागों पर मच्छर रोधी (मॉस्कीटो रिपेलेंट) क्रीम जरूर लगाएं, जिससे आप मच्छरों के काटने से बच सकें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और डेंगू से बचे रहें।' *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

---

**प्रिकॉशन**

# मानसून में डायबिटिक पेशेंट्स पैरों के अल्सर से रहें सावधान




डायबिटीज यानी मधुमेह के कारण मानसून के दौरान पैरों को गंभीर समस्या हो सकती है। दरअसल, मधुमेह पैरों में रक्त प्रवाह की मात्रा को कम करता हैं। पैरों में पर्याप्त रक्त प्रवाह ना होने से घाव या किसी प्रकार के संक्रमण को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। संक्रमण ठीक ना होने के कारण पैरों में गैंग्रीन होने का खतरा रहता है। भारत में लगभग 15 प्रतिशत मधुमेह मरीज, मानसून के दौरान लापरवाही की वजह से डायबिटीज फुट अल्सर से ग्रस्त हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, और लगभग 25 मिलियन लोग प्री डायबिटीज स्टेज में हैं। लोगों की जीवनशैली को देखते हुए भविष्य में मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ने का रिस्क है। ऐसे पेशेंट्स के पैरों में अल्सर को लेकर भी अवेयरनेस बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के वेस्कुलर सर्जन **डॉ. जैसोम चोपड़ा** के अनुसार, 'डायबिटीज पेशेंट्स में मानसून के दौरान बढ़ी हुई नमी और गीले पैरों के कारण संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मानसून के दौरान डायबिटीज पेशेंट्स को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना काफी जरूरी है। डायबिटीज पेशेंट्स को अपने पैरों की स्वच्छता को लेकर अवेयर रहना चाहिए। शुगर लेवल की नियमित जांच करवानी चाहिए और संक्रमण को रोकने के लिए अधिकतर समय जूते पहनना चाहिए। अपने पैरों को हमेशा साफ और सूखा रखना चाहिए। संक्रमण होने पर घाव की साफ-सफाई, एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य विधियों से ट्रीटमेंट किया जाता है। गंभीर मामलों में संक्रमित टिश्यू को हटाने या रक्त प्रवाह को बढ़ाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।' *

---

**मौसमी फल / राजकुमार 'दिनकर'**

# स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



अन्य फलों की तरह आम भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आम केवल खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होता बल्कि इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते है, जो शरीर के लिए लाभकारी होते हैं। आपको बाजार में खट्टे और मीठे आम मिलते हैं, जिनमें अलग-अलग पोषक तत्व पाए जाते हैं। आम में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जिस कारण यह खाने वाले को कैंसर और दिल संबंधित बीमारियों से बचाता है। आम की हर फांक में पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को सही रखने में बड़ा लाभकारी होता है और यह शरीर में उन कंपाउंड को बनाता है, जो हमारे इम्यून सिस्टम को बढ़ाते हैं। हरे आम में मौजूद एसिड बाइल के सिक्रिशन में बढ़ोत्तरी करता है और यह आंत संबंधी परेशानियों के लिए एक प्रतिरोधक की तरह काम करता है।

**भरपूर पौष्टिक पके आम:** अगर आप पका हुआ आम खाते हैं तो इससे आपको अच्छी-खासी मात्रा में विटामिन ए मिलता है। वास्तव में दूसरे फलों के मुकाबले आम में सबसे ज्यादा बीटा केरोटिन पाया जाता है। साथ ही इसमें विटामिन बी1, बी2, नियासिन, आयरन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। पके हुए मीठे आम कब्ज की रुकावट को दूर करने के लिए शरीर से ज्यादा फ्लूड बाहर निकालकर इस परेशानी को दूर करता है। मीठा आम किडनी को सही रखने में भी मदद करता है। इतना ही नहीं मीठा आम हमारे खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर बनाता है। आम में पाए जाने वाले फाइबर शरीर के लिए रेचक की तरह काम करते है और व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा देते है, जिससे आंत की गतिविधि में वृद्धि होती है। अगर आप दुबले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो आप पके आमों को दूध में मिलाकर मिक्सी में शेक की तरह तैयार कर पी सकते हैं। यह आपको कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन देता है।

**कच्चा आम भी फायदेमंद:** हरे यानी कच्चे आम में बड़ी मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा के पोर्स को साफ करके उसे चमकदार बनाता है और खून से जुड़ी स्कर्वी नामक बीमारी से बचाता है। यह आपको गर्मियों में होने वाली परेशानियों से भी दूर रखता है। पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आमचूर बहुत ही मददगार होता है। डायबिटीज को कम करने में आम की पत्तियां उपयोगी हो सकती हैं। सॉफ्ट और ताजी पत्तियां ना केवल डायबिटीज होने से बचाती हैं बल्कि डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद करती हैं। *


---

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो 'बादल पर पांव हैं' में आकाश आहूजा रजत के रोल में दिख रहे हैं। वे अपनी फिजिकल फिटनेस को लेकर बहुत कॉन्शस रहते हैं। क्या है, उनका फिटनेस फंडा, डिटेल में **हरिभूमि** को बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# मेरे लिए सबसे जरूरी है फिट फील करना

**फिटनेस फंडा**

**आकाश आहूजा**



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि आजकल के समय में हमारे खाने में बहुत सारी मिलावट होती है। और लाइफस्टाइल भी काफी डिस्टर्ब हो गई है। लोग जंक फूड बहुत खाते हैं, डेली रूटीन सही नहीं है। स्लीप और वेक साइकिल भी डिस्टर्ब है। इसलिए आज के समय में यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर अधिक ध्यान दें।

**फिटनेस आइडियल:** मेरे फिटनेस आइडियल मेरे पिता हैं। मेरे पापा शोतोकन कराटे में 7 बार के नेशनल चैंपियन हैं और मैंने भी इंडिया को रिप्रेजेंट किया है। कह सकते हैं, फिजिकली फिट और स्ट्रॉन्ग रहने की इंस्पिरेशन मुझे अपने पापा जी से मिली है।

**फिट रहना-दिखना दोनों जरूरी:** मेरे लिए फिट फील करना सबसे जरूरी है क्योंकि स्ट्रॉन्ग फीलिंग से मुझे ताकत मिलती है। वैसे मेरे काम के हिसाब से मुझे फिट दिखना भी इंपॉर्टेंट है। जब हम लोग एब्स दिखाते हैं और वो 6 पैक फिजिक जो होती है, वो सिर्फ कुछ समय के लिए ही होती है। हम ज्यादा समय तक अपनी बॉडी को स्टफ नहीं कर सकते क्योंकि वो स्टारवेशन से आती है या बहुत कंट्रोल्ड डाइट से। अब उतनी कंट्रोल्ड डाइट ले पाना हमारे काम में बहुत मुश्किल है। रोल के डिमांड के अनुसार फिट दिखना तो जरूरी है, लेकिन पर्सनली मेरे लिए ज्यादा जरूरी है फिट महसूस करना।

**डेली डाइट प्लान:** मेरे लिए सबसे जरूरी है खुद को हाइड्रेटेड रखना। सुबह उठकर पानी जरूर पीता हूं। रात को सोने से पहले कोशिश रहती है कि तीन-चार घंटे का फास्टिंग हो। अधिक से अधिक न्यूट्रिशस डाइट लेता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा वर्कआउट शेड्यूल बहुत फ्लेक्सिबल रहता है। वैसे मैं बॉडी वेट एक्सरसाइसेस ज्यादा करता हूं तो मेरा रूटीन होता है कि पार्क में जाकर एक्सरसाइज करूं। मैं अपना वर्कआउट जिम से ज्यादा खुली हवा में करना पसंद करता हूं। जब भी मुझे समय मिलता है तो वर्कआउट कर लेता हूं। बिजी होने पर भी एक दिन से ज्यादा का गैप नहीं आने देता हूं अपने एक्सरसाइज शेड्यूल में, अगर जिम नहीं जा पा रहा हूं तो शूटिंग ब्रेक में सेट पर ही एक्सरसाइज कर लेता हूं। मुझे लगता है कि हम सबको डेली लाइफ में कोई ना कोई ऐसी हॉबी, कोई स्पोर्ट, कोई फिजिकल एक्सरसाइज जरूर अपनानी चाहिए, जो हमें फिट रखे।

**मेंटल फिटनेस:** सच तो यह है कि आज की तारीख में पूरी तरह मेंटली फिट तो कोई भी नहीं है। हम सबकी लाइफ में कोई ना कोई टेंशन रहती ही है। हम सबकी प्रॉब्लम्स हमारे लिए बहुत ज्यादा होती हैं, जिसके कारण हमें मेंटल प्रॉब्लम्स होती हैं। आजकल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बहुत सारी चीजें हैं, चाहे वो सोशल मीडिया हो या कोई ट्रेंड हो। जब हम अपने पर्पस से भटकते हैं तो हमारा माइंड स्टेबल नहीं रहता है। मैं कोशिश करता हूं कि अपने काम पर अधिक से अधिक फोकस करूं। इसके अलावा हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं, ताकि मेंटल टेंशन से बचा रहूं। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

---

**हेल्थ एडवाइस**

**संध्या सिंह**

हर कोई हेल्दी और फिट रहना चाहता है। लेकिन उनमें से कुछ ही लोग इसके लिए जरूरी प्रयास करते हैं। हम आपको यहां कुछ आसान लेकिन प्रभावी सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

# हेल्दी-फिट रहने के ईजी-इफेक्टिव सीक्रेट्स



फिट रहना कठिन नहीं, बहुत आसान है, बशर्ते हम नियमित तौर पर कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। बजाय इसके कि दिन-रात फिट रहने के सपने देखें, उसके बारे में बहुत कुछ पढ़ें और सोचें, लेकिन व्यावहारिक रूप में कुछ ना करें। तो आइए जानते हैं कि फिट रहने के ये छोटे-छोटे सीक्रेट क्या हैं?

**सुबह जल्दी उठें:** आपने सैकड़ों बार सुबह जल्दी उठने के फायदों के बारे में पढ़ा होगा, दर्जनों लोगों से सुना होगा, लेकिन खुद व्यक्तिगत रूप से कभी आजमाया नहीं होगा। अगर आजमाएंगे तो आप भी इसे सही मानने वालों में शामिल हो जाएंगे और दूसरों को फिट रहने के लिए आप भी उन्हें यह टिप्स देंगे। सुबह जल्दी उठें। इतना जल्दी नहीं कि इसके लिए बहुत अतिरिक्त प्रयास करना पड़े, जितने समय रोज जगते हैं, उससे बस 30 मिनट पहले जगना शुरू करें। जब यह आदत बन जाए तो इसमें 30 मिनट और जोड़ लें। इस तरह अगर हर दिन आप 1 घंटे पहले जगते हैं तो आप अपने फिट रहने के लिए खुद ही कई तरह के वर्कआउट करने लगेंगे। अगर कुछ नहीं करेंगे तो ऑफिस के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। अपने आज के काम के शेड्यूल की अच्छी सी तैयारी कर लेंगे। इस सबसे भी फिट रहने में मदद मिलती है।

**करें 25 मिनट की सैर:** सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन आजमाकर देखिए। यह छोटी-सी टिप्स आपकी सोच बदल देगी। भले आप फिट रहने के लिए किसी भी तरह का कोई उपाय ना करें, सिर्फ हर दिन सुबह 25 मिनट की सैर कर लें, तो आपकी फिटनेस का लेवल ठीक-ठाक हो जाएगा। सैर करने के कई फायदे हैं। सैर करने का मतलब सिर्फ कैलोरी बर्न करना ही नहीं है, जब हम सुबह सैर के लिए निकलते हैं, तो 5-10 मिनट में ही हमारा शरीर वॉक के लिए अनुकूल होने लगता है और धीरे-धीरे हमें वॉकिंग में आनंद आने लगता है। अगर हम 25 मिनट अच्छी तरह से वॉक कर लेते हैं तो हर दिन 9 से 10 हजार कदम चल लेते हैं। यह एक ऐसा व्यायाम है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है और अनेक फायदे हैं। इस 25 मिनट के वॉक से आप पूरे दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**एक घंटे का डिजिटल डिटॉक्स:** अगर आपकी भी लाइफस्टाइल में सुबह जगते ही फेसबुक के नोटिफिकेशन, रात और सुबह में आए व्हाट्सएप मैसेज और दूसरों की पोस्ट देखने की है, तो कम से कम सुबह के समय बहुत कड़ाई के साथ एक घंटे के लिए इस सब पर रोक लगा दें। अगर सुबह एक घंटे तक आपने मोबाइल फोन ऑन नहीं किया और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त रहे, फिट रहने के उपायों से दो-चार होते रहे, तो यकीन मानिए इसका असर आपको महसूस होने लगेगा। आज पूरी दुनिया की फिटनेस इंडस्ट्रीज मानती है कि मोबाइल फोन ने लोगों को बहुत ज्यादा आलसी बना दिया है। यह एक ऐसा नशा है, जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को अपनी गिरफ्त में ले लेता है, क्योंकि हम लगातार बैठे रहने के कारण निष्क्रिय और आलसी हो जाते हैं।

**थोड़ी देर योगा-मेडिटेशन:** भले 15-15 मिनट ही योगा और मेडिटेशन को दें या दोनों में से किसी एक को। लेकिन ये 15 मिनट भी आपकी चाल-ढाल, रहन-सहन में आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। फिट रहने की छोटी-छोटी कोशिशें करनी होती हैं और ये कोशिशें हमें उम्मीद से ज्यादा फिट और तरह-तरह की बीमारियों से दूर रखती हैं। मेडिटेशन का अभ्यास तो आप स्वयं सीख सकते हैं। योगासन का अभ्यास करने के लिए एक बार अनुभवी प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीख लें।

यहां बताई गई बातों को फॉलो करें और देखिए, आप कुछ ही दिनों में हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक हो जाएंगे। *

# मोहर्रम के मौके पर निकला मातमी जुलूस

**नई दिल्ली।** *मोहर्रम के 10वें दिन पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की बरसी के अवसर पर देशभर में मातमी जुलूस निकाला गया। शिया समुदाय के हजारों लोगों ने बुधवार को छाती पीटते और विलाप करते लोग शहर की सड़कों से गुजरे और अच्छाई व बुराई के बीच लड़ाई में हुसैन के बलिदान को सराहा। मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था।*


देहरादून


कोलकाता


भोपाल


हैदराबाद


नागपुर


पटना

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ के स्वर्ण भेष के लिए बढ़ी सुरक्षा



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के 'स्वर्ण भेष' आयोजन से पहले सुरक्षा के कड़े बंदोबस्द किए गए हैं। बुधवार शाम से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में तीनों देवी-देवताओं की मूर्तियों को सोने से बने कपड़े पहनाकर इन्हें रथों पर विराजमान कराया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### अमरनाथ के लिए यात्रियों का एक और जत्था रवाना

**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 3,700 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।



तीर्थयात्रियों का 20वां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सुरक्षा घेरे में सुबह तीन बजकर पांच मिनट पर 127 वाहनों से रवाना हुआ। इस जत्थे में 2,734 पुरुष, 952 महिलाएं और नौ बच्चे शामिल हैं।

### इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की आलोचना

**इस्लामाबाद।** पाक की सत्तारूढ़ पीएमएल-एन पार्टी असमंजस में है क्योंकि इसके नेताओं ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के मुद्दे पर मिले-जुले संकेत दिए हैं।



इस कदम की पार्टी के दोस्तों और दुश्मनों दोनों ने आलोचना की है। पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता इस फैसले को सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं या फिर यह कहकर बच रहे हैं कि पीटीआई पार्टी पर प्रतिबंध लगाने पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है।

## विकलांगता का प्रमाण पत्र हासिल करने दी गलत जानकारी

# ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को पुलिस का नोटिस, बयान दर्ज करने बुलाया

*पुणे पुलिस ने विवादों के बीच ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को नोटिस भेजा है। इसमें पुलिस ने उन्हें पुणे कलेक्टर के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत के संबंध में आकर अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। इस बीच वाशिम की पुलिस पूजा खेडकर के गेस्ट हाउस पहुंची।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा खेडकर को गुरुवार (18 जुलाई) को पेश होने और अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। पूजा खेडकर ने आरोप लगाया था कि पुणे कलेक्टर ने उन्हें प्रताड़ित किया है। रिपोर्ट के मुताबिक पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने पुष्टि की है कि पूजा खेडकर से कहा गया है अपना बयान देने के लिए पुणे आएं। उधर, पुणे के जिला कलेक्टर सुहास दिवस ने कहा, 'मुझे अपने खिलाफ ऐसी किसी शिकायत की जानकारी नहीं है। इस बारे में मुझसे किसी ने बात नहीं की। इसलिए प्रतिक्रिया देने का सवाल ही नहीं उठता। मुझे इस शिकायत के बारे में केवल मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से पता चला।'

**खास बातें**

- पुणे कलेक्टर के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत की थी
- पुणे पुलिस ने पुणे आकर शिकायत दर्ज कराने कहा

### आचरण के लिए जांच के दायरे में



बता दें पूजा खेडकर वर्तमान में आईएएस पास करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले विकलांगता और ओबीसी प्रमाणपत्रों के संबंध में अपने दावों के साथ-साथ पुणे में अपने कार्यकाल के दौरान अपने आचरण के लिए जांच के दायरे में हैं। कलेक्टर दिवासे के ऑफिस की ओर से खेडकर के व्यवहार के बारे में सीनियर अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने के बाद उन्हें पुणे से सहायक कलेक्टर के रूप में वाशिम में ट्रांसफर कर दिया गया था।

### वीआईपी सुविधाओं की मांग का आरोप

खेडकर के खिलाफ आरोपों में उन वीआईपी सुविधाओं की मांग करना शामिल है, जिनकी वह एक ट्रेनी आईएएस अधिकारी के रूप में हकदार नहीं थीं और एक वरिष्ठ अधिकारी के सामने वाले कक्ष पर कब्जा करना शामिल है। महिला पुलिसकर्मी सोमवार को वाशिम में उनके आवास पर खेडकर से मिलने गईं, जहां उन्होंने दिवासे के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई।

**बंगले के पास से हटा अतिक्रमण :** खेडकर के पारिवारिक बंगले के पास अवैध ढांचे को हटा दिया गया है। पुणे नगर निगम की ओर से इसे हटाने को लेकर नोटिस दिया गया था। नोटिस जारी होने के कुछ दिनों के बाद ही अवैध ढांचे को हटा दिया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी देते हुए कहा, खेडकर के परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया होगा। हालांकि नगर निगम की ओर से निर्धारित समय सीमा अभी खत्म नहीं हुई है।

### बंगले बाहर चिपकाया था नोटिस

पुणे नगर निगम (पीएमसी) अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में बंगले के बाहर एक नोटिस चिपकाया था। आईएएस अधिकारी के परिवार को संपत्ति से सटे फुटपाथ के साथ 60 फीट लंबाई, 3 फीट चौड़ाई और 2 फीट की ऊंचाई वाली अवैध संरचना को हटाने के लिए कहा गया था।

### कंपनी पर लाखों का बिल बकाया

पिंपरी चिंचवड़ नगर पालिका के टैक्स विभाग के अनुसार, पिछले तीन सालों से खेडकर की कंपनी पर 2.7 लाख रुपए बकाया हैं। वहीं, यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल (वाईसीएमएच) के डीन डॉ राजेंद्र वाबले ने बताया है कि अस्पताल ने विवादास्पद प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किया है, जिसमें उनके बाएं घुटने में सात फीसदी चलने-फिरने में अक्षमता का जिक्र किया गया है।

### बेंचमार्क 40 फीसदी पर पूजा की 7 फीसदी अक्षमता

वाबले ने कहा, 'अगस्त 2022 में वाईसीएम अस्पताल द्वारा उन्हें विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया था। सरकार द्वारा दिए जाने वाले फायदे को उठाने के लिए बेंचमार्क विकलांगता 40 फीसदी है। उन्हें शारीरिक परीक्षण के बाद प्रमाण पत्र जारी किया गया था। उनके बाएं घुटने में 7 फीसदी चलने-फिरने में अक्षमता थी।'

## न्यायालय ने राज्य सरकार के पक्ष में किया निहित

# माफिया अतीक की 50 करोड़ की बेनामी संपत्ति हुई सरकारी

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

माफिया अतीक अहमद की अपराध से अर्जित करीब 50 करोड़ रुपये मूल्य की कुर्क की गई बेनामी संपत्ति को न्यायालय (गैंगस्टर) ने राज्य सरकार के पक्ष में निहित कर दिया है।

- अतीक ने यह संपत्ति हुबलाल के नाम पर खरीदी थी



जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अतीक अहमद ने अपराध की कमाई से यह संपत्ति लालापुर के राजमिस्त्री हूबलाल ने नाम पर खरीदी थी। लगभग 2.377 हेक्टेयर भूमि की उस समय कीमत 12.42 करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर थी। अग्रहरि ने बताया कि हूबलाल के नाम पर जमीन का बैनामा करते समय अतीक अहमद द्वारा कहा गया था कि जरूरत पड़ने पर इस जमीन का बैनामा वह अपने नाम करा लेगा। अग्रहिर ने कहा कि पुलिस आयुक्त न्यायालय द्वारा इस संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुर्क किया गया और जवाब दाखिल करने के लिए तीन महीने का समयदिया गया। लेकिन इस तीन महीने के भीतर संबंधित पक्ष द्वारा जमीन के पक्ष में कोई साक्ष्य नहीं पेश किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस आयुक्त न्यायालय ने इस मामले में पत्रावली को न्यायालय (गैंगस्टर) के पास भेज दिया। मंगलवार को न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस आयुक्त की कार्यवाही को उचित और न्यायसंगत माना और अपराध से अर्जित इस बेनामी संपत्ति को राज्य सरकार के पक्ष में निहित कर दिया।

### अतीक की पत्नी अभी भी फरार

*उल्लेखनीय है कि उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पिछले वर्ष 15 अप्रैल को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, गुड्डू मुस्लिम, अशरफ की पत्नी जैनब सहित कई अभियुक्त अब भी फरार हैं।*

## वाघ नख का सतारा में होगा भव्य स्वागत

# शिवाजी का वाघ नख लंदन से मुंबई आया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज के पौराणिक हथियार 'वाघ नख' को लंदन से मुंबई लाया गया है। राज्य के संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा इस्तेमाल किया गया 'वाघ नख' या बाघ के पंजे के आकार का हथियार बुधवार को लंदन के एक म्यूजियम से मुंबई लाया गया। इस 'वाघ नख' को अब सतारा ले जाया जाएगा। पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा में इसे 19 जुलाई से प्रदर्शनी के लिए रखा जाएगा। मंत्री मुनगंटीवार ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 'वाघ नख' मुंबई आ चुका है, लेकिन उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के उत्पाद शुल्क मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि 'वाघ नख' का सतारा में भव्य स्वागत किया जाएगा।

- छत्रपति शिवाजी महाराज ने इस्तेमाल किया था



### अफजल को मारने किया था इस्तेमाल

राज्य के मंत्री मुनगंटीवार ने पिछले हफ्ते विधान सभा में कहा था कि लंदन से राज्य में लाए जा रहे 'वाघ नख' का इस्तेमाल छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया था। एक इतिहासकार ने दावा किया कि 1659 में बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान को मारने के लिए मराठा साम्राज्य के संस्थापक द्वारा इस्तेमाल किया गया 'वाघ नख' सतारा में ही था।

### हिमाचल प्रदेश में रैगिंग के आरोप में पांच छात्र निलंबित

**शिमला।** शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के बारहवीं कक्षा के करीब पाँच छात्रों को रैगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 जुलाई की रात को पाँच छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था। उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उसने पैसे भी मांगते थे।

## वेंस के सम्मेलन में ट्रंप को समर्थकों से अलग रखा गया

# ट्रंप की बढ़ी सुरक्षा, नहीं मिलाया किसी से हाथ

एजेंसी ▶▶| मिलवाउकी

'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' (आरएनसी) में मंगलवार की शाम को पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस ने अपनी सीट की ओर बढ़ते वक्त उत्साहित डेलीगेट का अभिवादन स्वीकार किया और उनसे हाथ मिलाया जबकि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप कड़े सुरक्षा घेरे के बीच यहां पहुंचे। वेंस के सम्मेलन केंद्र में पहुंचने के कुछ मिनट बाद ट्रंप आए और सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें समर्थकों से अलग रखा। उनके कान पर पट्टी बंधी हुई थी। उन्होंने सम्मेलन केंद्र में मौजूद लोगों से हाथ मिलाने के बजाए कैमरों की ओर मुट्ठी बांधकर हाथ हवा में लहराया। ट्रंप (78) शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय एक हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए और उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से पर चोट आई।

- हाथ मिलाने की जगह ट्रंप ने मुट्ठी बांधकर हवा में लहराई




### ट्रंप के सुरक्षा विवरण पर टिप्पणी नहीं

उनके प्रचार अभियान दल के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा, 'हम ट्रंप के सुरक्षा विवरण पर टिप्पणी नहीं करेंगे। सभी सवाल यूएस सीक्रेट सर्विस से पूछे जाने चाहिए।' होमलैंड सुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने सोमवार को कहा था कि वह 'सुरक्षा या बढ़ायी गयी सुरक्षा की जानकारियों' के बारे में चर्चा नहीं कर सकते।

## पति पर अन्य साथियों के साथ व्यस्त रहने का लगाया आरोप

# दुबई की राजकुमारी ने पति को इंस्टाग्राम पर दिया तलाक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया है। उन्होंने अपने पति शेख माना से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तलाक दे दिया है। इस दौरान उन्होंने पति के बारे में एक चौंका देने वाला खुलासा भी किया है। उनका दावा है कि उनके पति अन्य साथियों के साथ बिजी हैं, इसलिए उन्होंने उन्हें तलाक दिया है। ष दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा इस समय अपने तलाक को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने एक चौंका देने वाली घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर अपने पति शेख माना से तलाक की खबर शेयर की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक छोटा सा नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने न सिर्फ तलाक की घोषणा की है बल्कि अपने पति को फटकार भी लगाई है।

राजकुमारी ने पारंपरिक मुस्लिम परंपरा का पालन करते हुए तलाक की घोषणा की है और इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'प्रिय पति, चूंकि आप अन्य साथियों के साथ व्यस्त हैं, इसलिए मैं हमारे तलाक की घोषणा करती हूं।

### इंस्टाग्राम से हटाई पति की तस्वीरें

शेखा माहरा ने अपने तलाक की घोषणा ऐसे समय पर की है जब हाल ही में उन्होंने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है। दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने अपने पति के साथ अपनी सभी तस्वीरें इंस्टाग्राम से हटा दी हैं, जिसमें उनकी शादी की तस्वीरें भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया है। पिछले साल हुई थी शादी? दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी शेखा माहरा ने पिछले साल बिजनेसमैन शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम से सगाई की थी और उसके एक महीने बाद ही उन्होंने शादी कर ली थी। शेखा माहरा दुबई के शासक के 26 बच्चों में से एक हैं।



## एलआईसी का शेयर एक साल में 79 % तक उछला एसबीआई को भी फायदा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को शेयर बाजार में प्रदर्शन के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे ढांचागत क्षेत्र जैसे बढ़ते क्षेत्रों पर लगाए गए दांव की अहम भूमिका रही है। भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर बीते एक साल में करीब 79 प्रतिशत तक उछल चुका है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपए पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपए के भाव पर बंद हुआ।

## एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान सात प्रतिशत पर रखा बरकरार

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है।

### फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड ने दी जानकारी

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां, लेने वाला कोई नहीं

**40 गुना अधिक नौकरियां**

*मिश्रा ने कहा, 'बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं।'*

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि लगभग 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यहां कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी अगले पांच साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां करीब 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा, 'केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।'



**गिफ्ट सिटी में वृद्धि की उम्मीद**

मिश्रा ने कहा, 'हम गिफ्ट सिटी में काफी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रतिभा की कमी है। आज बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र की लगभग 628 कंपनियों के कार्यालय गिफ्ट सिटी में हैं। उन्होंने कहा, "अगले पांच साल में वहां लगभग 1.5 लाख लोगों की जरूरत होगी। ये नौकरियां ज्यादातर वितरण और प्रबंधन के क्षेत्र में होंगी। इससे प्रमाणित वित्तीय नियोजकों की काफी मांग होगी।'



**2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर**

एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है। मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में, भारत में 2,731 प्रमाणित सीएफपी पेशेवर हैं जबकि पूरी दुनिया भर में इनकी संख्या 2.23 लाख है। भारत में 2030 तक लगभग 10,000 सीएफपी होंगे जबकि मांग के कारण जरूरत 1,00,000 की होगी। भारत में व्यक्तिगत वित्त को नजरअंदाज किया गया। लोगों ने सोचा कि वित्तीय नियोजन बड़े लोगों के लिए है। लेकिन, वास्तव में, धन प्रबंधन बड़े लोगों के लिए है जबकि वित्तीय योजना सभी के लिए है। हमें वित्तीय रूप से शिक्षित होने की जरूरत है।'

- 46.86 लाख नौकरियां सृजित, 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं
- नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें

**क्षमता निर्माण की पहल**

मिश्रा ने घोषणा की कि एफपीएसबी इंडिया और भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद ने मंगलवार को वित्तीय नियोजन और निवेश सलाहकार सेवाओं में पेशेवरों के लिए लक्षित क्षमता निर्माण पहल की एक श्रृंखला शुरू करने के लिए रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि इसके तहत आईआईएमए और एफपीएसबी इंडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेंगे, व्यावहारिक अनुसंधान करेंगे और समसामयिक विषयों पर पेशेवरों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करेंगे।

## टाटा पावर 2025 में 20 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ⏭ मुंबई



- छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी

टाटा पावर ने वित्त वर्ष 2025 में पूंजीगत व्यय के लिए 20,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कंपनी की 105वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को बताया कि पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को गति देने के लिए होगा। यह वित्त वर्ष 2024 में निवेश किए गए 12,000 करोड़ रुपये की राशि से काफी अधिक है।

कंपनी इसका उपयोग अपनी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को गति देने और ट्रांसतिशन सहित डिस्ट्रब्यूशन कारोबार पर खर्च करेगी। टाटा समूह के मुखिया एन चंद्रशेखरन ने बताया कि टाटा पावर अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी सरकार से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर में भागीदारी की संभावना भी तलाशेगी।

**पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य**

चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा पावर मौजूदा और निर्माणाधीन परियोजनाओं के जरिए दो से पांच साल में 15 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह क्षमता इस समय नौ गीगावाट की है। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य वितरण कारोबार के विस्तार के जरिये पांच करोड़ उपभोक्ताओं को जोड़ने का है, कंपनी के उपभोक्ताओं की मौजूदा संख्या 1.25 करोड़ से अधिक है।

**औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा देने पर जोर**

चंद्रशेखरन के अनुसार कंपनी विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। जिसमें 24 घंटे स्वच्छ ऊर्जा दी जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की हरित ऊर्जा के क्षेत्र बदलाव का नेतृत्व करने के लिए कंपनी अच्छी स्थिति में है। चंद्रशेखरन ने बताया कि कंपनी रूफटॉप सोलर मे तेजी विस्तार कर रही है। पीएम सूर्य घर योजना के साथ हम बाजार में अपनी हिस्सेदारी भी बढ़ा रहे हैं।

*__एशियन पेंट्स का लाभ 24.64 प्रतिशत घटा : नई दिल्ली।__ एशियन पेंट्स लिमिटेड का जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 24.64 प्रतिशत घटकर 1,186.79 करोड़ रुपए रह गया है। भीषण गर्मी और आम चुनाव के कारण मांग में कमी से कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में एकीकृत शुद्ध लाभ 1,574.84 करोड़ रुपये रहा था।*

*__लोरियल ने बच्चों के लिए शुरू की परियोजनाः चंडीगढ़।__ लोरियल इंडिया ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अपने बद्दी संयंत्र के पास रहने वाले प्रवासी समुदायों के वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने के लिए एक पहल शुरू की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में लोरियल इंडिया ने 'प्रोजेक्ट उड़ान' शुरू किया गया है।*

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**एजूकेशन स्पेशल**

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | |
| Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass, M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass, Paramedical Course - 12th pass (Bio), Pharmacy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
श्री बालाजी हॉस्पिटल
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एवं फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

**Appointment आवश्यकता**

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- अंजार पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.(RO-1137)

**सेल्स मैनेजर**

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है। 3 to 5 year अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 62682-79954.(आरो नं 242)

**कुक**

आवश्यकता है- शाकाहारी खाना बनाने हेतु बाई/महाराज की आवश्यकता है। देवेंद्र नगर के आस-पास रहने वाले को प्राथमिकता सम्पर्क. लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर 9827161397 (RO-1719)

छोटा विज्ञापन

आवश्यकता है- कुक महिला घरेलू अनुभवी जिसे सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो रहने हेतु रूम और परिवार को भी काम मिल सकता है, गार्ड- चौकीदार- 3. टाटीबंध हीरापुर रायपुर मे फोन- 6266919193.(RO-2874)

**घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- घर के काम हेतु एक परिवार पुरूष/महिला ऑफिस कार्य एवं महिला घर कार्य के लिए चाहिए। या दो महिलाएं घर कार्य हेतु चाहिए। रहने की सुविधा संपर्क करें- 8120699000, 9303099000 (RO-360)

**टीचर**

आवश्यकता है- नर्सरी से 8वीं इंग्लिश मीडियम हेतु टीचर और स्कूल वैन चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। साई शिक्षा पब्लिक स्कूल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर 9406250678. (RO-4439)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उ.मा.वि. तीन दर्शन मंदिर कैम्प-1, भिलाई को जीव विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षिका की आवश्यकता है। विद्यालय में संपर्क करें। (आरो नं 536)

**मार्केटिंग/इंजीनियर**

Requirements- Marketing Person:- 2, Mechanical engineer degree/ diploma:- 3, Store keeper:- 2, Computer operator:- 1, Field operator:- 2, Helper, welder, Fitter address:- Pal Body works Tatibandh chowk Raipur Tatibandh mobile- 9039857933, 9685697933.(RO-168)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता है,आकर्षक वेतन। संपर्क - समय 12 से 7 बजे। पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर। (RO-165)

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9425208201. (RO-4440)

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आव्यशकता है संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330. (RO-12)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जयहिंद होजियरी मार्केट पंढरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-4437)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- जैविक कृषि उत्पादों की मार्केटिंग कार्य करने हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है पोस्ट -10 वेतन/आय :20000/- प्रतिमाह 9713517535, 9300494000. (RO-321)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक लग्जरी कारें चलाने घरेलू ड्राइवर चाहिए रहने हेतु रूम है आदतन शराबी न हो, पानी हेतु भी अच्छा खाना बनाने व घर कार्य है योग्य व्यक्ति तुरंत मिलें टाटीबंध हीरापुर रायपुर मे 8889986669.(RO-2873)

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमैटिक कर चलाने के लिए अनुभवी घरेलू कार ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क करें- 7470421407. (RO-1225)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड की सुबह और रात की शिफ्ट के लिए। इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें- श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय 10am– 5pm तक। इंटरव्यू दिनांक- 18–22 जुलाई 2024। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 7000681359. (RO-2884)

**एकाउन्टेंट/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- 01पद एकाउन्टेंट जीएसटी एवं बैलेन्स सीट का अनुभवी.02पद, जुनियर एकाउन्टेंट एमकॉम/ बीकॉम, टेली प्राइम/ एम.एस. ऑफिस, 03पद ऑफिसवर्क बीकॉम / ग्रेजुएट/ 12वीं ,01पद सुपरवाइजर कम ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्ककरें। राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली, दिनांक 24/07/24 शाम05 से07 बायोडाटा व्हाट्सएप करें मो. 7389951109 या कॉलकरें 98261-38080, 98264-98036.(आरो नं 535)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**मैनेजर/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- मल्टीनेशनल कंपनी की गोडाउन कार्य को हैंडल करने हेतु अनुभवी गोडाउन मैनेजर, गोडाउन सुपरवाइजर। इच्छुक व्यक्ति दिए गए पते पर संपर्क करें- श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय 10am– 5pm तक। इंटरव्यू दिनांक- 18-22 जुलाई, गूगल लोकेशन हेतु- 7000681299 मे वाट्सअप करें। (RO-2885)

**टेक्नीशियन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के स्मार्ट मीटर ठेका कार्य में स्मार्ट मीटर लगाने हेतु वर्षा इंटरप्राइजेस को टेक्नीशियन और कंप्यूटर ऑपरेटर (FEMALE / MALE) की आवश्यकता है। मो.- 79742-19683, 90981-80105, 91310-43407.(आरो नं 534)

**अकाउंटेंट/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अकाउंटेंट- GST ज्ञान वाला। इच्छुक व्यक्ति दिए गए पते पर संपर्क करें- श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय 10am– 5pm तक। इंटरव्यू दिनांक- 18-22 जुलाई, गूगल लोकेशन हेतु- 7828901615 मे वाट्सअप करें। (RO-2883)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं, 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिक्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3419)

**डिजाइनर/ड्रायवर**

शीघ्र आवश्यकता है- ग्राफिक्स डिजाइनर सुपरवाइजर, विज्ञापन की गाड़ी (टाटा एस ई रिक्शा) चलाने हेतु ड्राइवरों एवं मेहनती लड़कों की संपर्क मोबाइल- मां एड एजेंसी, मंजीत टावर रायपुरा चौक रायपुर- 7869187165. (RO-3709)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टेक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884 (RO-4631)

आवश्यकता है- शहर से बाहर जाकर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं 12वीं पास लड़के चाहिए सैलरी 10000+ कमीशन+ आवास फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 सम्पर्क- 7415089156, 7024520550, 9575712101. (RO-34835)

आवश्यकता है- आगरा में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं, स्नातक अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 9568800015.(RO-34811)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- Unisex selon- Hair studio Address- Shankar nagar turning point Age (20- 30) Job.- 2 Hairstyles (male) 2 years experienced Salary- 15000 + incentive Job- 2 backup artist (female) 2 years experienced Salary- 15000 +incentive Job- selon manager (male) Work experience- beauty products knowledge and 2 years experience Salary- 20000- 25000 +incentive. Mo- 8399909990. (RO-2882)

**साफ सफाई कार्य**

आवश्यकता है- आदर्श नगर पेंटिया चौक के पास, ज्योति ऑप्टिकल कम्पनी में, साफसफाई हेतु बाई की आवश्यकता ,कार्य समय 9:30 से 8:30, मिलें- शाम 4 से 5 ,ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफाबाजार दुर्ग(आरो नं 243)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियां गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406.(RO-319)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियां हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.(RO-2872)

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियाँ) अनपढ़ 8वी, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट (वेतन 28900- 84300/-) ग्राउंड स्टाफ सुपरवाईजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राईवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 8860132534. (RO-2868)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ - "फेल विद्यार्थी समय बचाए" :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, ("अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे") सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- "Bharti Education Academy" Sector-6 Bhilai" Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो -6357)



सब कुछ है यहां
हरिभूमि क्लासिफाइड

**Property प्रापर्टी**

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.(आरो-6352)

**For Rent किराया**

कराये से देना है- गोंदवारा मेनरोड गुढ़ियारी स्थित दुकान 200, 1600 एवं 3000 वर्गफीट- ऑफिस, बैंक, शॉप इत्यादि एवं हीरापुर मेनरोड स्थित 300 वर्गफीट दुकान- कैफे कैंटीन, स्टेशनरी, मेडीकल इत्यादि के लिये उपयुक्त किराये से देना है। सम्पर्क- मो. 8109411676. (RO-7496)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठे को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करें समस्या कैसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - लोन ! लोन! लोन कुबेर फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) संपर्क:- 9238756465. (RO-1327)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Healthcare**

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

# ओलंपिक में भाग लेंगे 117 खिलाड़ी, 140 स्टाफ करेंगे सहयोग, आभा बाहर

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है। विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ में उपाध्यक्ष भी हैं।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिए गए पत्र में कहा गया है, 'ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं।

अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं। खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है।'







## एथलेटिक्स के सर्वाधिक 29 खिलाड़ी देंगे चुनौती

आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं।

## निशानेबाजी में सर्वाधिक 18 सहयोगी स्टाफ

दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी। निशानेबाजी में सहयोगी स्टाफ के सर्वाधिक 18 सदस्य शामिल हैं जिनमें से एक हाई परफॉर्मेंस निदेशक और छह कोच खेल गांव में ठहरेंगे। बाकी 11 सदस्य होटल में रुकेंगे जिनमें चार कोच, चार फिजियो, दो मनोवैज्ञानिक और एक अनुकूलन विशेषज्ञ शामिल हैं। एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है।

## प्रशांत होंगे ओलंपिक अताशे

मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।

## टोक्यों में 119 ने थी चुनौती

टोक्यो ओलंपिक में भारत के 119 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिन्होंने सात पदक जीते थे। इनमें नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

## खबर संक्षेप



### नागल-करोल की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

**बस्ताड।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को यहां नॉर्डिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी मंगलवार को 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है।

### बावा को विश्व जूनियर स्क्वाश में कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद ज़कारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता ज़कारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार गए।



# ओलंपिक : भारत ने पहली बार साल 1900 में लिया था हिस्सा

# एथलेटिक्स में पहला पदक, हॉकी में स्वर्ण की बारिश, भारत ने अब तक जीते 35 मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने वाली है। 206 देशों के एथलीट्स खेलों के सबसे बड़े मंच पर मेडल्स के लिए दावेदारी पेश करेंगे। भारत का भी 117 एथलीट्स का दल पेरिस जाएगा।

ओलंपिक खेलों में भारत का इतिहास 124 साल पुराना है। उन्होंने 27 बार इन खेलों में हिस्सा लिया। भारत ने पहली बार साल 1900 में इन खेलों में हिस्सा लिया था। उस साल भी ओलंपिक खेलों का आयोजन पेरिस में ही हुआ था। 124 सालों में भारत ने इन खेलों में बहुत कुछ हासिल किया।

## प्रिटकार्ड ने जीते दो रजत

ओलंपिक खेलों की शुरुआत 1896 में हुई थी लेकिन भारत ने सबसे पहले 1900 में ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया। 1900 में केवल एक ही खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था जिनका नाम नॉर्मन प्रिटकार्ड था। उन्होंने देश के लिए दो पदक जीते हैं। प्रिटकार्ड ने 200 मीटर और 200 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीता था। इन पदक को ओलंपिक एसोसिएशन के मुताबिक भारत के खाते में गिना जाता है जबकि वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक यह पदक ब्रिटेन के खाते में हैं।



## हॉकी में भारत ने जीते 12 पदक

भारत को सबसे ज्यादा पदक हॉकी में मिले हैं। भारत ने इस खेल में 12 पदक जीते हैं। इन 12 पदक में भारत ने 8 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। भारत को पहला पदक 1928 के ओलंपिक में मिला था जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। वहीं उन्होंने 41 साल के सूखे के बाद टोक्यो ओलंपिक खेलों में भी कांसय पदक जीता था।

## 10 स्वर्ण, 9 रजत, 16 कांस्य

भारत ने अब तक ओलंपिक में 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य समेत कुल 35 पदक जीते हैं। यह 35 पदक उन्होंने 8 अलग-अलग खेलों में जीते। भारत ने हॉकी में 12, शूटिंग में चार, एथलेटिक्स में तीन, रेसलिंग में सात, बैडमिंटन में तीन, वेटलिफ्टिंग में दो, बॉक्सिंग में तीन और टेनिस में एक पदक जीता है।

## टोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 टोक्यो ओलंपिक में किया। टोक्यो में भारत ने सात पदक जीते। भारत को एथलेटिक्स में एक, वेटलिफ्टिंग में एक, हॉकी में एक, बॉक्सिंग में एक, बैडमिंटन में एक और रेसलिंग में दो पदक जीते।



| खेल | नाम | पदक |
|---|---|---|
| एथलेटिक्स | नीरज चोपड़ा | स्वर्ण |
| रेसलिंग | रवि दहिया | रजत |
| | बजरंग पूनिया | कांस्य |
| बॉक्सिंग | लवलिना बोरगोहेन | कांस्य |
| वेटलिफ्टिंग | मीराबाई चानू | रजत |
| बैडमिंटन | पीवी सिंधू | कांस्य |
| हॉकी | पुरुष टीम | कांस्य |

## भारत के ओलंपिक पदक

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| हॉकी | 8 | 1 | 3 | 12 |
| रेसलिंग | – | 2 | 5 | 7 |
| शूटिंग | 1 | 2 | 1 | 4 |
| एथलेटिक्स | 1 | 2 | – | 3 |
| बॉक्सिंग | – | – | 3 | 3 |
| वेटलिफ्टिंग | – | 1 | 1 | 2 |
| टेनिस | – | – | 1 | 1 |

# 'असंभव' बना 'संभव'

# 11 गेंदों में ठोके 61 रन, 8 छक्के, 2 चौके से जीता मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में कब क्या हो जाए किसी को नहीं पता. वक़्त के साथ क्रिकेट तेज़ होता जा रहा है। अब तो टेस्ट क्रिकेट में भी बल्लेबाज़ ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करना पसंद करने लगे हैं। क्रिकेट के विस्तार के साथ फॉर्मेट भी बदलते जा रहे हैं। पहले सिर्फ टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेला जाता था। फिर टी20 क्रिकेट की शुरुआत हुई। अब कई जगहों पर टी10 क्रिकेट भी खेला जाने लगा है। इसी टी10 क्रिकेट में 2 ओवर में 61 रनों का रन चेज़ एक गेंद पहले ही हो गया।

यह कारनामा यूरोपियन क्रिकेट के टी10 टूर्नामेंट हुआ, जहां ऑस्ट्रिया ने रोमानिया के खिलाफ 11 गेंदों में 61 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। लगभग मुकाबला हार चुकी ऑस्ट्रेलिया ने वह कर दिखाया जो शायद असंभव था। हालांकि क्रिकेट में कहा जाता कि असंभव कुछ नहीं होता है, लेकिन 11 गेंदों में 61 रन बनाना संभव भी नहीं लगता।

## 168 रनों का था टारगेट

मैच में पहले बैटिंग करते हुए रोमानिया ने 10 ओवर में 167 रनों का टोटल बोर्ड पर लगाया, जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज़ अरियान मोहम्मद ने 104* रनों की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रिया की टीम लड़खड़ाती हुई दिखाई दी। टीम ने 8 ओवर में 3 विकेट पर सिर्फ 107 रन बोर्ड पर लगाए थे। अब यहां से टीम को जीत के लिए आखिरी 2 ओवर में 30.5 के रनरेट से 61 रनों की दरकार थी। यहां से ऑस्ट्रिया की जीत असंभव लगने लगी थी।

## 2 ओवर में चाहिए थे 61 रन

टीम के लिए आकिब इकबाल 8 ओवर तक 9 गेंदों में 22 रन बनाकर खेल रहे थे। फिर आखिरी 2 ओवर में आकिब ने ऐसा कमाल किया कि उनका स्कोर 19 गेंदों में 72* रन हो गया और ऑस्ट्रिया को 7 विकेट से जीत मिल गई। आकिब के बल्ले से 2 चौके और 10 छक्के निकले थे। 8 ओवर तक ऑस्ट्रिया के जीतने की संभावना सिर्फ 1 प्रतिशत ही थी। यहां से रोमानिया के लिए पारी का 9वां ओवर लेकर आए मनमीत कोली ने 41 रन खर्च कर दिए, जिसमें 9 एक्स्ट्रा रन थे। अब ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन चाहिए थे, जिसे टीम ने 5 गेंदों में बनाकर जीत दर्ज कर ली।

नॉर्डिया ओपन

# ओलंपिक की तैयारी में लगे नडाल की आसान जीत




एजेंसी ▶▶| बस्ताड

ओलंपिक की तैयारी में लगे राफेल नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे नॉर्डिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल के पहले दौर में स्वीडन के दिग्गज खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के 21 वर्षीय बेटे लियो बोर्ग को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

नडाल ने मैच के बाद अपने 21 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, 'हमारे खेल के इतिहास के सबसे दिग्गज खिलाड़ी में से एक के बेटे के खिलाफ खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि उसने अच्छा प्रदर्शन किया। उसके सामने अभी लंबा करियर है और मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं।' नडाल ने यहां 2005 में 19 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था। उसके बाद वह इस टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे हैं। ओलंपिक के दौरान टेनिस के मैच रोला गैरां में क्ले कोर्ट पर खेले जाएंगे और उसकी तैयारी के सिलसिले में ही नडाल इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। फ्रेंच ओपन के पहले दौर में बाहर होने के बाद नडाल ने पहली बार एकल मैच खेला। उनका अगला मुकाबला ब्रिटेन के कैमरन नोरी से होगा।

## कम से कम दो मैच नहीं खेल पाएंगे मेस्सी



**फोर्ट लॉडरडेल।** कोपा अमेरिका फाइनल के दौरान चोटिल होने वाले लियोनेल मेस्सी अपनी मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। इंटर मियामी के कोच गेरार्डो मार्टिनो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेस्सी के दाहिने टखने में चोट लगी है और उनकी फिटनेस का निरंतर आकलन किया जाएगा। इंटर मियामी बुधवार रात टोरंटो एफसी और शनिवार रात शिकागो की मेजबानी करेगा। मेस्सी अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच रविवार को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

## ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार हैं सूरज

**नई दिल्ली।** बचपन से ही विपरीत परिस्थितियों का सामना करने वाले पैदल चाल के एथलीट सूरज पंवार मिश्रित स्पर्धा के लिए जोड़ीदार नहीं होने के भी बावजूद अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पंवार को बचपन से ही उतार चढ़ाव वाली जिंदगी जीने का अनुभव है। यह 23 वर्षीय एथलीट जब शिशु था तब उनके फॉरेस्ट गार्ड पिता उदय सिंह पंवार पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने की कोशिश करते हुए ड्यूटी के दौरान मारे गए थे।

JHAIGO झाईगो Cream
चेहरे के दागों को कम कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेंट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

उपलब्ध विशेषताएं
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक


अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
76470-97309, 98279-66617

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




# कार्यशाला में दी गई नए कानून के प्रावधानों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




छग राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर के निर्देशन में 17 जुलाई को विजय कुमार होता (प्रधान जिला न्यायाधीश) की अध्यक्षता एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष केके देवांगन एवं एबी गुरु डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन कार्यालय के विशेष आतिथ्य में जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में अभियोजन अधिकारियों एवं अधिवक्तागण के लिए 1 जुलाई से लागू हुए नए कानूनों पर कार्यशाला आयोजित की गई। श्री होता ने कार्यशाला के विषय को आलोकित करते हुए तीनों नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में सारगर्भित रूप से बताया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार प्रधान प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अपूर्वा दांगी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिवक्ता संघ के सचिव श्री डेगल, वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन ठाकुर, अशोक जैन, केके दुबे, अशोक मिश्रा, दिलीप ठाकुर, व्यवहार न्यायालय सुकमा बीजापुर के अधिवक्ता तथा अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# क्यों पृथ्वी पर तेजी से दिन हो रहा है लंबा? नए शोध में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**न्यूयार्क।** दुनियाभर के लिए जलवायु संकट एक चुनौती बन चुका है। बर्फ और ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। इसके साथ ही हैरान करने वाली बात यह है कि अब दिन भी लंबे हो रहे हैं। एक नए शोध में खुलासा हुआ है कि ध्रुवीय बर्फ के पिघलने की वजह से पृथ्वी ज्यादा धीमी गति से घूम रही है। इससे अभूतपूर्व दर से दिनों की लंबाई बढ़ रही है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में एक शोध प्रकाशित किया है। इस शोध के हवाले से नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के एक अधिकारी ने बताया कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका से बहने वाले पानी के कारण भूमध्य रेखा के आसपास अधिक द्रव्यमान है।

**बर्फ और ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का स्तर बढ़ रहा**

ईटीएच ज्यूरिख विश्वविद्यालय के बेनेडिक्ट सोजा का कहना है कि आमतौर पर पृथ्वी को एक गोले के तौर पर जाना जाता है, लेकिन इसे तिरछा गोलाकार कहना अधिक ठीक होगा, जो भूमध्य रेखा के चारों तरफ कुछ हद तक सत्सुमा की तरह उभरा है, जिसके आकार में लगातार बदलाव हो रहा है। दैनिक ज्वार से महासागरों और परतों पर प्रभाव पड़ता है। यह बदलाव टेक्टोनिक प्लेटों के बहाव, भूकंप और ज्वालामुखी के कारण होता है।




# 2025 में घटेगी प्रलयकारी घटना मानवता के पतन की होगी शुरुआत

**लंदन।** बुल्गारिया की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा की ज्यादातर भविष्यवाणियां सच साबित होती हैं। इसकी वजह से पूरी दुनिया उनकी भविष्यवाणियों पर यकीन करती है। बाबा वेंगा ने 2025 के लिए कई भविष्यवाणियां की थीं, जिसने लोगों को डरा दिया है। बुल्गारिया की रहने वाली बाबा वेंगा को बाल्कन क्षेत्र का नास्त्रेदमस कहा जाता है। बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक, साल 2025 में एक प्रलयकारी घटना घटेगी। इससे मानवता के पतन की शुरुआत होगी। साल 2025 में ही यूरोप में भयावह संघर्ष की शुरुआत होगी। इससे बड़े स्तर पर बड़ी तबाही मचेगी और इससे यूरोप की बड़ी आबादी बुरी तरह से प्रभावित होगी। बाबावेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक, साल 5079 में दुनिया खत्म हो जाएगी।







INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. *Terms & Conditions Apply.

HeroMotoCorp.com | Toll Free Number: 1800 266 0018

SCAN TO KNOW MORE

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, मनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, डोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभोरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरूर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, कुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डौंडीलोहारा: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बलौदा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, सिमगा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, परोड़ा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, सुंदरडेही: एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीव: ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/9805/JUNE 2024/ENGLISH

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com